वर्ष 24, अंक 307, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 16 मई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## नीट पेपर लीक का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

### छात्रों से वसूले लाखों रुपये, सीबीआई ने किया पूरे रैकेट का खुलासा

**नई दिल्ली**

**देश** की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET-UG 2026 पेपर लीक मामले में CBI ने बड़ा खुलासा किया है. CBI ने उस कथित मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने परीक्षा से पहले ही छात्रों को सवाल और उनके जवाब रटवा दिए थे. जांच एजेंसी के मुताबिक आरोपी का नाम पी.वी. कुलकर्णी है, जो एक केमिस्ट्री लेक्चरर है और NTA की परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ा हुआ था. इसी वजह से उसे प्रश्नपत्रों तक पहुंच मिली हुई थी. जांच में सामने आया कि उसने इसी पहुंच का फायदा उठाकर पेपर लीक का पूरा खेल रचा.

CBI जांच में पता चला है कि अप्रैल 2026 के आखिरी सप्ताह में कुलकर्णी ने अपने नेटवर्क के जरिए कुछ छात्रों को इकट्ठा किया. इस काम में उसकी मदद मनीषा वाघमारे नाम की महिला ने की, जिसे उइक ने 14 मई को गिरफ्तार किया था. आरोप है कि पुणे स्थित अपने घर पर कुलकर्णी ने छात्रों के लिए खास सीक्रेट कोचिंग क्लास चलाई. इन क्लासों में वो सवाल, उनके ऑप्शन और सही जवाब बोल-बोलकर छात्रों को लिखवाता था.




सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि छात्रों की नोटबुक में लिखे गए सवाल और जवाब, 3 मई 2026 को हुए असली NEET-UG परीक्षा पेपर से हूबहू मेल खा गए. उइक के मुताबिक इस पूरे रैकेट में कई बिचौलिए भी शामिल थे, जो छात्रों को तलाशते थे और उनसे मोटी रकम वसूलते थे. जांच में सामने आया है कि छात्रों से लाखों रुपये लेकर उन्हें इन स्पेशल क्लासेस में बैठाया गया था।

## 'धार का भोजशाला मंदिर है...'

### हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, हिंदू पक्ष की मांग मंजूर

**मध्य प्रदेश**

**मध्य** प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने धार स्थित विवादित भोजशाला परिसर को देवी वाग्देवी अर्थात सरस्वती का मंदिर मानते हुए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि इस स्थल पर हिंदू उपासना की परंपरा निरंतर बनी रही है और समय के साथ नियमित पूजा कभी समाप्त नहीं हुई। अदालत ने यह भी माना कि ऐतिहासिक अभिलेखों, साहित्यिक संदर्भों और स्थापत्य प्रमाणों से यह स्थापित होता है कि भोजशाला राजा भोज के समय संस्कृत शिक्षा का प्रमुख केंद्र थी तथा वहां देवी सरस्वती का मंदिर मौजूद था।

न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि भारत सरकार लंदन स्थित ब्रिटिश संग्रहालय से देवी वाग्देवी की प्रतिमा वापस लाने पर विचार कर सकती है। साथ ही अदालत ने यह भी सुझाव दिया कि मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी अथवा किसी अन्य नए वक्फ निकाय को धार में मस्जिद निर्माण के लिए वैकल्पिक भूमि उपलब्ध कराने पर विचार किया जा सकता है। भोजशाला परिसर का समग्र प्रशासन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास ही रहेगा और वही इसके रखरखाव तथा संरक्षण की जिम्मेदारी निभाएगा।



### भोजशाला पर हाई कोर्ट के फैसले पर प्रियंका चतुर्वेदी का बड़ा बयान

**मध्य** प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच से धार स्थित भोजशाला को मंदिर घोषित किए जाने के बाद इस पर नेताओं की लगातार प्रतिक्रिया सामने आ रही है. उद्धव गुट की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि इस मुद्दे पर काफी समय से विवाद चल रहा था. इसे दोनों पक्ष लीगल कठघरे में लेकर गए थे. अभी इंदौर हाई कोर्ट का जो फैसला आया है, मैं मानती हूं कि इसे सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज किया जाएगा.

शिवसेना (यूबीटी) की नेता ने कहा, "ये 11वीं शताब्दी का मंदिर है, जिसकी मेन मूर्ति को अंग्रेज ले गए थे, ब्रिटिश म्यूजियम में अभी भी हैं. सवाल है कि अब तक हम देख रहे थे कि मंगलवार को मंदिर की पूजा होती थी और शुक्रवार को नमाज पढ़ी जाती थी. तो वो इस निर्णय के चलते किस तरह से प्रभावित होगा।

फैसले के बाद हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने इसे ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सात अप्रैल 2003 के आदेश को आंशिक रूप से निरस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार प्रदान करते हुए भोजशाला परिसर को राजा भोज से संबंधित माना है। उन्होंने यह भी कहा कि लंदन संग्रहालय में रखी देवी वाग्देवी की प्रतिमा को भारत वापस लाने की मांग पर भी अदालत ने सरकार को विचार करने का निर्देश दिया है।

## भारत-यूएई रक्षा साझेदारी से दुनियाभर में हड़कंप

**संयुक्त अरब**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आज संयुक्त अरब अमीरात की संक्षिप्त लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने पर जोर दिया। अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच रणनीतिक सहयोग का महत्व और अधिक बढ़ गया है। उन्होंने जनवरी में राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद की भारत यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देशों ने संबंधों को गुणात्मक रूप से नई ऊंचाई पर ले जाने का निर्णय लिया था और कम समय में ही उल्लेखनीय प्रगति हासिल की गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव और संघर्ष पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संवाद और कूटनीति ही किसी भी विवाद का सर्वोत्तम समाधान है। इस दौरान



उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को ह्लमुक्त, खुला और सुरक्षितह्व बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया तथा अंतरराष्ट्रीय कानूनों के सम्मान की बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत हर परिस्थिति में संयुक्त अरब अमीरात के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और क्षेत्र में शांति तथा स्थिरता बहाल करने के लिए हर संभव सहयोग देगा।

वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने हाल के दिनों में संयुक्त अरब अमीरात पर हुए हमलों की कड़ी निंदा भी की। उन्होंने कहा कि किसी भी रूप में अमीरात को निशाना बनाया जाना स्वीकार्य नहीं है। प्रधानमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात के नेतृत्व द्वारा राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की। साथ ही उन्होंने वहां रह रहे भारतीय समुदाय को कठिन समय में सहयोग देने के लिए अमीरात सरकार और शाही परिवार का आभार जताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में भारतीयों को परिवार के सदस्य की तरह सम्मान और सुरक्षा मिलती है। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा के दौरान भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच रक्षा, ऊर्जा और निवेश से जुड़े कई महत्वपूर्ण समझौते भी हुए।

## बेरोजगार युवा कॉकरोच की तरह- सूर्यकांत

**नई दिल्ली**



भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शुक्रवार को कीड़ों और परजीवियों का उदाहरण देते हुए कहा कि बेरोजगार युवा सोशल मीडिया और सूचना के अधिकार (आरटीआई) का इस्तेमाल करके हर किसी पर हमला करते हैं। ये टिप्पणियां तब आईं जब मुख्य न्यायाधीश कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ एक ऐसे वकील को फटकार लगा रही थी जो वरिष्ठ अधिवक्ता का पदनाम मांग रहा था। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, पीठ ने याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील संजय दुबे से कहा कि पूरी दुनिया वरिष्ठ अधिवक्ता बनने के योग्य हो सकती है, लेकिन कम से कम आप तो इसके हकदार नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि दिल्ली उच्च न्यायालय अब भी वकील को वरिष्ठ अधिवक्ता का पदनाम प्रदान करता है।

## नीट छात्रों का भविष्य चुराने वालों को जवाब देना होगा

**नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 15 मई को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा 3 मई को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा को रद्द करने के बाद केंद्र सरकार की आलोचना की। गांधी ने परीक्षा रद्द होने से जुड़े नीट उम्मीदवारों की मौतों की खबरों का हवाला दिया। पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा कि अब कोई प्रतियोगी परीक्षा नहीं होगी। लखीमपुर खेरी के 21 वर्षीय रितिक मिश्रा के ये आखिरी शब्द थे। तीसरी बार ठएएळ परीक्षा दे रहे इस युवक का परीक्षा रद्द होते ही दिल टूट गया।



राहुल गांधी ने आगे कहा कि गोवा में भी एक ठएएळ परीक्षार्थी ने आत्महत्या कर ली। ये बच्चे परीक्षा में हारे नहीं, बल्कि एक भ्रष्ट व्यवस्था के शिकार हुए। यह आत्महत्या नहीं, बल्कि व्यवस्था द्वारा की गई हत्या है। गांधी ने दावा किया कि 2015 से 2026 के बीच देशभर में 148 परीक्षा घोटाले हुए, जिनसे लगभग 9 करोड़ छात्र प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि 2015 से 2026 तक 148 परीक्षा घोटाले हुए। 87 परीक्षाएं रद्द हुईं, 9 करोड़ बच्चों का भविष्य प्रभावित हुआ। उन्होंने आगे कहा कि इसमें शामिल लोगों को कोई सजा न मिलने पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि 148 घोटालों में से सिर्फ 1 में सजा मिली। सीबीआई ने 17 मामले दर्ज किए, ईडी ने 11 झ्र किसी को सजा नहीं मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए गांधी ने पूछा कि मोदी जी, आपकी जवाबदेही जगाने के लिए कितने त्र्यतिकों की जरूरत होगी? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए गांधी ने पूछा कि मोदी जी, आपको जवाबदेही का एहसास दिलाने के लिए कितने त्र्यतिकों की जरूरत पड़ेगी?

## लापरवाही पर 3 सीनियर IPS अफसर सस्पेंड



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार और हत्या मामले में कथित लापरवाही के आरोप में तीन आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। निलंबित अधिकारियों में तत्कालीन कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, अभिषेक गुप्ता और इंदिरा मुखोपाध्याय शामिल हैं। नबन्ना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री अधिकारी ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को रिश्वत देने का प्रयास किया और लिखित अनुमति प्राप्त किए बिना प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की।

क्रूर बलात्कार और हत्या का मामला

अगस्त 2024 में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 31 वर्षीय स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के बाद राष्ट्रीय आक्रोश का केंद्र बन गया।

## आंध्र में 15000 करोड़ का रक्षा परियोजना- राजनाथ

**आंध्र प्रदेश**

**केंद्रीय** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 15 मई को पुट्टपर्थी में एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) परियोजना की आधारशिला रखने के समारोह के दौरान आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की दूरदर्शिता, तकनीकी फोकस और विकास के प्रति प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने नायडू के प्रौद्योगिकी के प्रति जुनून और भविष्योन्मुखी सोच की सराहना करते हुए कहा कि अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में मैंने कई नेताओं को देखा है और कई प्रतिनिधियों के साथ काम करने का अवसर भी मिला है। मैंने कई दूरदर्शी लोगों के साथ काम किया है, लेकिन नायडू गारू में प्रौद्योगिकी के प्रति जो जुनून, विकास के प्रति प्रतिबद्धता और भविष्य का पूवार्नुमान लगाने की दूरदर्शिता है, वह बहुत कम देखने को मिलती है।

राजनाथ ने आगे कहा कि मेरी राय में, नायडू के मामले में संकीर्ण सोच रखना असंभव है। सिंह ने आंध्र प्रदेश की प्रगति के प्रति मुख्यमंत्री के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रतिबद्धता के साथ उन्होंने आंध्र प्रदेश के विकास के लिए काम किया है, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इसकी सराहना न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी हुई है। इससे पहले, मुख्यमंत्री नायडू ने एएमसीए परियोजना को आंध्र प्रदेश की "तेजी से काम करने की क्षमता" और एक प्रमुख रक्षा विनिर्माण केंद्र बनने की महत्वाकांक्षा का प्रतीक बताया।



## अब इंसान नहीं, ड्रोन करेंगे हमला- सिंह

**नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने आधुनिक युद्ध में विकसित हो रही प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डाला और वायु शक्ति के विस्तार के रूप में मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूए) की भूमिका को रेखांकित किया। शुक्रवार को एयरोस्पेस पावर एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज सेंटर में बोलते हुए, एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि आधुनिक युद्ध में केंद्रित हवाई शक्ति की जगह विकेंद्रीकृत और स्वायत्त दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है, जिसके लिए अनुकूलन आवश्यक है। सिंह ने कहा कि ड्रोन और मानवरहित हवाई प्रणालियों का यह विषय अत्यंत प्रासंगिक है यह एक वास्तविकता है। इसलिए, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि युद्धक्षेत्र बदल गया है। हम केंद्रित हवाई शक्ति से विकेंद्रीकृत और स्वायत्त तरीके की ओर बढ़ रहे हैं। हमें यह समझना होगा कि मानवरहित हवाई प्रणालियाँ (यूए) हवाई शक्ति का ही विस्तार हैं ऑपरेशन के दौरान मानव जीवन का जोखिम भी कम हो जाता है जैसा कि मैंने कहा, यह हवाई शक्ति का ही विस्तार है, इसलिए यूए प्रणाली का उपयोग करते समय हवाई शक्ति के सभी नियम लागू होंगे। प्रति-यूए प्रणालियों पर उन्होंने टिप्पणी की कि यह चूहे-बिल्ली के खेल जैसा है। जब आप एक क्षेत्र में प्रौद्योगिकी विकसित करते हैं, तो उसके साथ ही प्रति-प्रौद्योगिकी भी विकसित होनी चाहिए क्योंकि खेल इसी तरह खेला जाता है। एयर चीफ मार्शल सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा चलाए गए सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान तीनों सेनाओं के बीच समन्वय की भी सराहना की।



## 'अभी तो दाम और बढ़ेंगे, सांसद-विधायक लें एक पेंशन', पेट्रोल-डीजल की दाम बढ़ने पर नाराज दिल्ली की जनता

**नई दिल्ली**

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है, जिससे दिल्ली में अब पेट्रोल के दाम 97.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 90.67 प्रति लीटर हो गई है. इससे दिल्ली की आम जनता पर भारी प्रभाव पड़ा है. एक ओर लोग इस बात से परेशान हैं कि रोजमर्रा में उनका आना-जाना तो महंगा हुआ ही है, साथ ही चीजें महंगी होने की आशंका में उनका घर का बजट हिल जाएगा. दूसरी ओर, कुछ लोगों का यह कहना है कि विश्व स्तर पर चल रहे तनाव के बीच तेल के दाम बढ़ने का अंदेशा पहले ही लग गया था, एक नागरिक के रूप में इस



बात का ध्यान रखना होगा.

धौला कुआं के एक पेट्रोल पंप पर एक उपभोक्ता का कहना है, "हमें इसे दो नजरियों से देखना होगा. इसे समझने के दो तरीके हैं. यह निश्चित रूप से लोगों को प्रभावित करता है, लेकिन अगर आप समग्र स्थिति को देखें, तो दुनिया भर में युद्ध चल रहे हैं. ईंधन की उपलब्धता मुश्किल होती जा रही है, मांग बढ़ रही है और कच्चे तेल की प्रति बैरल लागत बहुत अधिक हो गई है. इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए।

## दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ ने की किराया में बढ़ोतरी की मांग

### सीएम रेखा गुप्ता के नाम सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली**

दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ के पदाधिकारी ने आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह से मुलाकात करने के लिए सचिवालय पहुंचे थे. हालांकि, उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री से नहीं हो पाई लेकिन जब वह मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचे तो उनकी जो मांग थी उसे सुना गया और उनका जो ज्ञापन था उसे लेकर के उन्हें रिसीविंग भी दी गई.

ऑटो रिक्शा संघ के लोगो ने कहा कि 2025 में भी किराया बढ़ाया गया था और अब फिर रेट दो रुपए केजी बढ़ा दिया गया है. लेकिन 2023 से किराया नहीं बढ़ा है. उन्होंने कहा कि ऑटो पार्ट्स से लेकर टायर सीएनजी सब महंगी हो गई है, इसलिए किराया बढ़ाना हमारी मजबूरी हो गई है.



तेल बचाने की अपील के बीच उ्दफ्ठ का बड़ा कदम, सरकारी कर्मचारियों के लिए चलेंगी हाइड्रोजन शटल बस

ऑटो चालकों ने मांग पूरी नहीं होने पर दी हड़ताल की चेतावनी

उन्होंने कहा कि अगर सरकार नहीं चाहती कि किराया बढ़े तो वो हमे दो रुपए केजी की सब्सिडी दे दे, हम किराया नहीं बढ़ायेंगे. अगर सरकार ने सब्सिडी नहीं दी और किराया भी नहीं बढ़ाने दिया तो ऑटो चालक हड़ताल पर जाएंगे. जबतक सरकार उनकी मांग नहीं मानेगी, तबतक हड़ताल खत्म नहीं करेंगे.

संघ के पदाधिकारियों ने लगाया वादा खिलाफी का आरोप

संघ के पदाधिकारियों ने सरकार पर वादा खिलाफी का भी आरोप लगाया और कहा सरकार बनने से पहले चुनाव के दौरान कई वादे किए गए लेकिन चुनाव जीतते ही सारे वादे भूल गए. उन्ही वादों को याद दिलाने सचिवालय गया था, लेकिन सीएम से मुलाकात नहीं हो पाई. फिलहाल, दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ के पदाधिकारी की मांग सरकार मानती है तो लोगों को पर महंगाई का एक और बोझ पड़ने वाला है.

टैक्सी का न्यूनतम किराया बढ़ाने की मांग

दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ के लोगों ने मांग की है कि पहले किलोमीटर के लिए टैक्सी का न्यूनतम किराया 40 रुपये से बढ़ाकर 70 रुपये कर दिया जाए. इसके साथ ही प्रति किमी शुल्कः नॉन-एसी टैक्सियों के लिए दर रुपये 17 से बढ़कर 30 रुपये प्रति किलोमीटर और एसी टैक्सियों के लिए 25 रुपये से बढ़कर 40 रुपये प्रति किलोमीटर किया जाए।

# जिलाधिकारी ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की

## जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी तथा सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने क्रिटिकल गैप योजना, विधायक निधि योजना, सांसद निधि योजना, पूर्वांचल विकास निधि योजना एवं त्वरित आर्थिक विकास योजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रत्येक योजना के प्रगति की जानकारी ली।

बैठक में अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण के द्वारा बताया गया कि क्रिटिकल गैप योजना 2024-25 में कुल 8 कार्यों में 6 कार्य भौतिक रूप से पूर्ण है तथा 1 कार्य प्रगति पर है एवं 01 कार्य विवादित होने के कारण अनारम्भ है तथा 2025-26 में कुल 25 कार्यों में 18 कार्य भौतिक रूप से पूर्ण है तथा 6 कार्य प्रगति पर है, जोकि 15 दिवस में पूर्ण हो जायेंगे एवं 01 कार्य स्थल विवाद के कारण अनारम्भ है, जिसपर जिलाधिकारी ने अवशेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने तथा अनारम्भ कार्यों के विवादों का समाधान कराते हुए उन्हें शीघ्र प्रारम्भ कराये जाने के निर्देश दिए है। अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण ने बताया कि विधायक निधि योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में कुल स्वीकृत 222 कार्यों में 122 कार्य भौतिक रूप से पूर्ण है तथा 94 कार्य प्रगति पर है एवं 06 कार्य अनारम्भ है, जिसमें 01 कार्य में स्थल परिवर्तन तथा 05 कार्यों का धन वापस होना है। इसी प्रकार से सांसद निधि योजना के अन्तर्गत कुल 48 कार्यों में 22 कार्य भौतिक रूप से पूर्ण है तथा 26 कार्य प्रगति पर है, जिसपर जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने तथा जिन कार्यों में धन वापस होना है, उन्हें वापस करने के कार्यवाही करने के लिए कहा है।

जिलाधिकारी ने पूर्वांचल विकास निधि योजना, राज्यांश 2024-25, 2025-26 एवं पूर्वांचल विकास निधि योजना जिलांश 2025-26 तथा त्वरित आर्थिक विकास योजना 2025-26 एवं 2026-27 की समीक्षा करते हुए निमार्णाधीन कार्यों को जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने तथा जिन कार्यों की निविदा आमंत्रित है, उसकी निविदा खोले जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्यो को निर्धारित समयसीमा एवं गुणवत्ता मानको के अनुरूप पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाये रखने हेतु कार्यो का नियमित रूप से निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं किन्हीं विवादों के कारण अनारम्भ है, ऐसी परियोजनाओं में सम्बंधित उपजिलाधिकारी के साथ संयुक्त विजिट कर विवादों का समाधान करायें तथा कार्यों को जल्द से जल्द प्रारम्भ करायें। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतोष कुमार, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण एस0पी0 मिश्रा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीण उपस्थित रहे।

# गंगा में नाव पर इफ्तार पार्टी मामले में 8 आरोपियों को जमानत, छह की सुनवाई 18 मई को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी और मांसाहार के अवशेष फेंकने के चर्चित मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से आठ आरोपियों को राहत मिल गई है। करीब 60 दिन से जेल में बंद आरोपियों की जमानत अर्जी शुक्रवार को मंजूर कर ली गई। वहीं अन्य छह आरोपियों की जमानत याचिका पर अब 18 मई को सुनवाई होगी।

मामले की सुनवाई जस्टिस राजीव लोचन शुक्ला और जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की खंडपीठ ने की। अदालत ने दानिश सैफी, आमिर कैफी और नुरुल इस्लाम समेत आठ आरोपियों की जमानत मंजूर कर ली। शेष आरोपियों की याचिकाओं पर अगली तारीख तय की गई है।

यह मामला 16 मार्च को सामने आया था, जब भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रजत जायसवाल ने वाराणसी के कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि कुछ युवकों ने गंगा नदी के बीच नाव पर रोजा इफ्तार पार्टी की और मांसाहार के अवशेष नदी में फेंके। पुलिस ने उसी दिन कार्रवाई करते हुए 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में एसीपी कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान पुलिस ने दावा किया कि आरोपियों ने नाविक को धमकाकर नाव अपने कब्जे में ली थी और बीच गंगा में इफ्तार पार्टी आयोजित की थी। पुलिस के अनुसार, इस पूरे कार्यक्रम के वीडियो और रील सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के उद्देश्य से बनाए गए थे।

सरकारी पक्ष ने अदालत को बताया कि वीडियो में पहले मस्जिद और फिर गंगा के बीच नाव पर सजाए गए दस्तरखान को अलग-अलग एंगल से फिल्माया गया। बिरयानी और अन्य खाद्य पदार्थों के भी वीडियो बनाए गए थे। पुलिस ने इसे धार्मिक और सामाजिक संवेदनशीलता से जुड़ा मामला बताया था।

इससे पहले 17 अप्रैल को हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा था। वहीं 28 अप्रैल की सुनवाई में पुलिस ने नाविक के अपहरण और नाव हाईजैक करने का भी आरोप अदालत के समक्ष रखा था।

# हीटवेव से बचाव को लेकर मंडलायुक्त सख्त, श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए जारी किए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** बढ़ती गर्मी और हीटवेव के खतरे को देखते हुए मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने प्रयागराज मंडल के सभी जिलों में व्यापक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि आमजन के साथ ईंट भट्ठों, निर्माण स्थलों, कारखानों, प्रतिष्ठानों और कोल्ड स्टोरेज में कार्यरत श्रमिकों को लू से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जाए।

मंडलायुक्त ने प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर और प्रतापगढ़ के जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। इसके तहत श्रमिक संगठनों और विभिन्न औद्योगिक एसोसिएशनों के साथ बैठक कर हीटवेव की गंभीरता से अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं।

निर्देशों में कहा गया है कि ईंट भट्ठों पर कार्यरत मजदूरों के लिए पेयजल, ओआरएस घोल, छाया और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। साथ ही दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक श्रमिकों को यथासंभव विश्राम देने पर जोर दिया गया है। यही व्यवस्था निर्माण स्थलों पर काम करने वाले मजदूरों के लिए भी लागू करने को कहा गया है।

कारखानों, दुकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के संचालकों को कार्यस्थलों को हवादार रखने, कूलर और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कर्मचारियों को सफेद और फुल स्लीव कपड़े पहनने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं। कर्मचारियों को अपने साथ पानी की बोतल, गमछा और ओआरएस रखने की सलाह भी दी गई है। मंडलायुक्त ने कहा कि सभी कार्यालयों में आने वाले लोगों के लिए भी पेयजल और कूलर की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। प्राथमिक उपचार की व्यवस्था के साथ कर्मचारियों और अधिकारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाए रखने पर भी बल दिया गया है।

इसके अलावा औद्योगिक इकाइयों और प्रतिष्ठानों को हरित पर्यावरण और नगर वन योजना से जोड़ने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं। मंडलायुक्त ने कहा कि हीटवेव से बचाव के लिए जनजागरूकता सबसे प्रभावी उपाय है और इसमें प्रशासन, सेवायोजक तथा श्रमिक सभी की सहभागिता जरूरी है।

# जीएसटी जागरूकता और फिट इंडिया के लिए प्रयागराज में होगी साइकिल मैराथन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था को जन-जन तक पहुंचाने और फिट इंडिया अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्रीय माल एवं सेवाकर आयुक्तालय इलाहाबाद की ओर से 17 मई 2026 को साइकिल मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से करदाताओं, व्यापारिक संगठनों और आम नागरिकों को कर प्रणाली के प्रति जागरूक करने के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया जाएगा। मैराथन रविवार सुबह छह बजे केंद्रीय माल एवं सेवाकर आयुक्तालय, सिविल लाइंस से शुरू होगी। निर्धारित मार्ग के अनुसार प्रतिभागी चर्च चौराहा से बायीं ओर मुड़ते हुए नगर निगम कार्यालय के सामने से नवाब यूसुफ रोड पहुंचेंगे। इसके बाद डीआरएम चौराहा और फायर ब्रिगेड चौराहा से होकर बायीं लेन के रास्ते पुनः केंद्रीय माल एवं सेवाकर आयुक्तालय परिसर में पहुंचकर मैराथन का समापन होगा।

आयुक्तालय प्रशासन ने करदाताओं, अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, व्यापारिक संगठनों और युवाओं से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि यह पहल न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी, बल्कि कर प्रणाली के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में भी सहायक होगी। मैराथन में भाग लेने के इच्छुक लोग कार्यालय से संपर्क कर पंजीकरण करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन एवं अन्य जानकारी के लिए अधीक्षक अनुज मिश्रा (7607004500) और निरीक्षक संजीव कुमार विश्वकर्मा (7017986013) से संपर्क किया जा सकता है।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को हाईकोर्ट से राहत, अवमानना याचिका खारिज

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दाखिल अवमानना याचिका को खारिज कर उन्हें बड़ी राहत दी है। अदालत ने कहा कि मामले में अवमानना का कोई आधार नहीं बनता है। हालांकि कोर्ट ने याची को जमानत निरस्तीकरण के लिए अलग से याचिका दाखिल करने की छूट दी है।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पष्ट किया कि अग्रिम जमानत की शर्तों के कथित उल्लंघन को सीधे अवमानना का मामला नहीं माना जा सकता। याचिका आशुतोष ब्रह्मचारी उर्फ आशुतोष महाराज की ओर से दाखिल की गई थी, जिसमें शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद पर अदालत के आदेशों की अवहेलना का आरोप लगाया गया था।

यह मामला पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज एक मुकदमे से जुड़ा है। इसी मामले में हाईकोर्ट ने पहले शंकराचार्य को अग्रिम जमानत दी थी। याची का आरोप था कि जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया गया है, इसलिए अदालत अवमानना की कार्रवाई करते हुए जमानत रद्द करे।

इससे पहले 9 मई को न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने मामले की सुनवाई से स्वयं को अलग कर लिया था। उन्होंने केस को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष भेजते हुए किसी अन्य पीठ से सुनवाई कराने का अनुरोध किया था। इसके बाद नई पीठ ने मामले पर सुनवाई की।

गौरतलब है कि बटुकों से जुड़े कथित प्रकरण में आशुतोष महाराज ने ही स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। आशुतोष महाराज शामली जिले के कांधला स्थित प्राचीन शाकुंभरी सिद्धपीठ से जुड़े बताए जाते हैं।

# चनेथू में आंधी तूफान से छप्पर, दीवार एवं पीपल का पुराना पेड़ गिरा





**जंघई।** सरायममरेज थानातंर्गत चनेथू मनोरथपुर गांव निवासी धारा गौतम का छप्पर एवं दीवार आंधी तूफान से गिर गया है जिसमें दैनिक जरुरी सामान, गेहूं, चावल, दाल, सरसों, चारपाई सहित सभी सामान नष्ट हो गया है। पीड़ित परिवार ने उचित मुआवजा की मांग किया है। वहीं करीब 200 साल पुराना पीपल का पेड़ भी आंधी तूफान से धराशायी हो गया है।

# पूर्व सैनिकों के लिए प्रयागराज में बनेगा आधुनिक क्षेत्रीय कार्यालय

## मेजर जनरल शरद बिक्रम सिंह ने किया शिलान्यास





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मेजर जनरल शरद बिक्रम सिंह (अवकाश प्राप्त) ने शुक्रवार को कालिंदीपुरम स्थित नए क्षेत्रीय कार्यालय भवन का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह भवन केवल एक प्रशासनिक ढांचा नहीं होगा, बल्कि देश की सेवा करने वाले पूर्व सैनिकों के सम्मान और कल्याण के प्रति निगम की प्रतिबद्धता का प्रतीक बनेगा। मेजर जनरल सिंह ने कहा कि प्रयागराज मंडल के पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को एक ही स्थान पर रोजगार, कल्याणकारी योजनाओं और प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्यालय तैयार किया जा रहा है। उन्होंने इसे शिकायतों के निस्तारण और सहायता के लिए ह्लसिंगल विंडो सिस्टमह्व के रूप में विकसित करने पर जोर दिया, ताकि पूर्व सैनिकों को त्वरित सेवाएं मिल सकें।

उन्होंने कहा कि निगम का प्रत्येक सुरक्षाकर्मी भारतीय सशस्त्र बलों का प्रतिनिधि है और अनुशासन ही उसकी सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने सुरक्षाकर्मियों से सैन्य परंपराओं और कार्य संस्कृति को बनाए रखने की अपील की।

निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक ने क्षेत्रीय कार्यालय की व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। एजीएम कर्नल अनिल कुमार सिंह (अवकाश प्राप्त) ने उन्हें डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन, भुगतान प्रक्रिया और रोजगार प्रकोष्ठ की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। इस दौरान पूर्व सैनिकों से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

मेजर जनरल सिंह ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय का भी दौरा किया। यहां उन्होंने पूर्व सैनिकों के बच्चों की उच्च शिक्षा और सुरक्षा सेवाओं में संभावित सहयोग को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन से चर्चा की। उन्होंने कहा कि निगम अनुशासित और प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। परिसर सुरक्षा को और मजबूत करने तथा पूर्व सैनिक सुरक्षाकर्मियों के कौशल उन्नयन पर भी विचार-विमर्श हुआ।

बाद में आयोजित सैनिक सम्मेलन में उन्होंने विभिन्न सरकारी और निजी संस्थानों में कार्यरत सुरक्षाकर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने समय पर वेतन, ईपीएफ और बीमा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निगम की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही कर्मचारियों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने लापरवाही के प्रति शून्य सहनशीलता अपनाने और सैन्य स्तर की सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर अंजनी कुमार सिंह, राम प्रकाश, रवि शंकर सिंह, बृजेश कुमार, एचएलटी प्रकाश नारायण पांडेय और प्रोजेक्ट मैनेजर सुशील कुमार समेत कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# मदरसा ध्वस्तीकरण मामले में हाईकोर्ट सख्त डीएम और कमिश्नर का आदेश रद्द

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संतकबीर नगर में मदरसा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अवैध ठहराते हुए जिलाधिकारी और बस्ती मंडल के कमिश्नर के आदेशों को रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा कि दोनों अधिकारियों ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कार्रवाई की और कानून सम्मत प्रक्रिया का पालन नहीं किया।

मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से पारित आदेश मनमाने तरीके से दिए गए थे। अदालत ने कहा कि बिना वैधानिक प्रक्रिया पूरी किए ध्वस्तीकरण जैसी कठोर कार्रवाई नहीं की जा सकती।

संतकबीर नगर प्रशासन ने 25 और 26 अप्रैल को खलीलाबाद स्थित मदरसे पर बुलडोजर कार्रवाई की थी। करीब 13 घंटे चली कार्रवाई में मदरसे की चारदीवारी, कई पिलर और भवन का बड़ा हिस्सा गिरा दिया गया था। दूसरे दिन भी बुलडोजर और पोकलेन मशीनों से ध्वस्तीकरण की कोशिश हुई, हालांकि तकनीकी खराबी आने के बाद कार्रवाई रोक दी गई थी।

कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मौके पर पीएसी की दो कंपनियों समेत करीब 100 पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इसके बाद मदरसा कमेटी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया था कि प्रशासन ने बिना पर्याप्त नोटिस दिए कार्रवाई की और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन किया।

याचिका में मुआवजे और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई थी। मामले में हाईकोर्ट ने 27 अप्रैल को ही आगे की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।

प्रशासन का दावा था कि मदरसा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया था। आरोप है कि करीब आठ वर्ष पहले 640 वर्गमीटर भूमि पर तीन मंजिला भवन का निर्माण कराया गया था, जिसमें लगभग 25 कमरे थे। निर्माण में विदेशी फंडिंग के इस्तेमाल की भी बात कही गई थी।

मदरसा खलीलाबाद निवासी शमसुल हुदा खान से जुड़ा बताया गया है, जो फिलहाल ब्रिटेन में रह रहा है और वहां की नागरिकता ले चुका है। प्रशासन के अनुसार, मदरसा वर्ष 2024 से बंद था। इससे पहले यहां करीब 400 छात्र पढ़ते थे।

विवाद की शुरूआत वर्ष 2024 में हुई थी, जब स्थानीय निवासी ने एसडीएम कोर्ट में अवैध निर्माण की शिकायत दर्ज कराई थी। बाद में एसडीएम कोर्ट ने ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था, जिसे डीएम और फिर मंडलायुक्त स्तर पर भी बरकरार रखा गया। अब हाईकोर्ट ने इन आदेशों को निरस्त कर प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# तूफान से उजड़े परिवारों का दर्द सुनने प्रयागराज पहुंचे स्वतंत्र देव, बोले- हर पीड़ित को मिलेगी मदद

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** बीते दिनों आए भीषण आंधी-तूफान से प्रभावित परिवारों का हाल जानने शुक्रवार को प्रदेश के जल शक्ति मंत्री और प्रयागराज के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ राहत कार्यों की समीक्षा की और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिया।

सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने कहा कि 13 मई को आए तूफान ने प्रदेश के कई जिलों में भारी नुकसान पहुंचाया है, लेकिन प्रयागराज सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। जिले में अब तक 26 लोगों की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने जिलों में जाकर हालात का जायजा लेने और पीड़ितों तक राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि दैवीय आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। जिन परिवारों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें सरकारी योजनाओं के तहत आवास सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जरूरतमंदों को पेंशन योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार राहत और पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर चला रही है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रभावित परिवारों तक तत्काल मदद पहुंचाई जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

शंकरगढ़ क्षेत्र में पेयजल संकट के मुद्दे पर मंत्री ने कहा कि इस बार बारिश कम होने की संभावना को देखते हुए सरकार पहले से तैयारी कर रही है। डैम और जलाशयों के जरिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने लोगों से पानी के संरक्षण और सीमित उपयोग की अपील भी की।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार ईंधन बचत और स्वदेशी अपनाने का संदेश दे रहे हैं। ऐसे समय में हर नागरिक को राष्ट्रहित में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

# साइकिल से नगर निगम पहुंचे महापौर, बोले- ईंधन बचत और स्वदेशी अपनाना समय की जरूरत



**अखंड भारत संदेश**

प्रयागराज। पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का संदेश देने के लिए महापौर गणेश केसरवानी शुक्रवार को साइकिल से नगर निगम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कीडगंज स्थित अपने आवास से सिविल लाइंस स्थित नगर निगम कार्यालय तक करीब छह किलोमीटर की दूरी साइकिल चलाकर तय की।

इस दौरान नगर निगम के पार्षद, अधिकारी और कार्यकर्ता भी उनके साथ साइकिल यात्रा में शामिल हुए। रास्ते भर लोगों ने महापौर का स्वागत किया और उनके इस प्रयास की सराहना की। महापौर ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ईंधन संकट के दौर में प्रत्येक नागरिक को जागरूक होकर जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्लराष्ट्र प्रथम, कर्तव्य सर्वोपरिह्व संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। छोटे-छोटे प्रयासों से ही देश को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाया जा सकता है।

महापौर ने लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों के इस्तेमाल से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और छोटे व्यापारियों, किसानों व उद्यमियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी उत्पादों की अपेक्षा स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने यह भी कहा कि पेट्रोल-डीजल की बचत, सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग और पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से सफल होने वाले प्रयास हैं। नागरिकों को अपने दैनिक जीवन में ऐसे उपाय अपनाने चाहिए, जिससे राष्ट्रहित और पर्यावरण दोनों को लाभ मिले।

# किस दिव्य शक्ति से पता चला कि याची ही लूट का आरोपी है, थाना प्रभारी तलब : हाई कोर्ट

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर के आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक के बाद हुई मुठभेड़ पर बिसंडा थाने के प्रभारी को तलब किया है। पूछा है कि पुलिस ने किस दिव्य शक्ति से पता किया कि अज्ञात के खिलाफ दर्ज लूट की एफआईआर का आरोपी याची ही है।यह सवाल न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने आदेश पांडेय की याचिका पर किया है। मामला बांदा के बिसंडा थाना क्षेत्र का है। याची ने गैंगस्टर में दर्ज एफआईआर को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था। कोर्ट ने मामले को विचारणीय मानते हुए सरकार से जवाबी हलफनामा तलब कर याची की गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी। इसी दौरान नौ मई की रात याची को पुलिस ने लूट के एक मामले में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करने का दावा किया।वहीं, याची का दावा है कि उसे पुलिस ने जबरन उठाया और गोली मार दी। शिकायत पर कोर्ट ने मुठभेड़ की जांच बांदा के जिला जज को सौंपते हुए रिपोर्ट तलब की। पेश जिला जज और डॉ.विनीत कुमार की मेडिकल जांच की रिपोर्ट में कोर्ट ने पाया कि याची के बाएं पैर की पिंडली पर गनशॉट एंट्री और एग्जिट के निशान पाए गए हैं। वहीं, सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची की गिरफ्तारी लूट के मामले की गई है।

इस पर कोर्ट ने पूछा कि एफआईआर में कोई नामजद नहीं था तो पुलिस किस दिव्य शक्ति से इस निष्कर्ष पर पहुंची कि आरोपी आदेश पांडेय ही है? क्या गिरफ्तारी से पहले उसकी शिनाख्त परेड कराई गई थी? कोर्ट ने सरकार को तीन दिन में हलफनामे पर पूछे गए सवाल का जवाब देने का आदेश दिया है। साथ ही याची को स्वतंत्रता दी है कि वह लूट के मामले में जमानत याचिका दाखिल कर सकता है। इससे उसके फर्जी मुठभेड़ के दावे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अब मामले की अगली सुनवाई 19 मई को होगी।

## खडे डंपर में पिकअप टकराया चालक घायल एफआईआर दर्ज

**मऊआइमा।** सुनसान फोरलेन पर बिना लाइट जलाए डंपर खडी कर दिया गया। जिसमें पिकअप चालक टकरा गया और चालक बुरी तरह जख़्मी हो गया। पुलिस एफआईआर दर्ज कर ली है। जनपद प्रयागराज के देल्हूपुर रतीपुर निवासी अरूण कुमार मिश्रा पुत्र राम लखन मिश्रा का आरोप है कि उनका पुत्र विजय मिश्रा गुरुवार रात में पिकअप लेकर घर आ रहा था।एक डंपर रामफल इनारी पुलिस चौकी से सौ मीटर दूर सुनसान इलाके में बिना लाइट के खडी किए था। जिसमें पिकअप डंपर में टकरा जाने से पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई और चालक पुत्र विजय मिश्रा घायल हो गया। अरुण कुमार मिश्रा ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मऊआइमा थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दी है।

# पुरुषोत्तम मास में गूंजेगी शिवभक्ति की अमृतधारा 18 मई को निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**सहसों।** पुरुषोत्तम मास की पावन बेला में क्षेत्र शिवमय होने जा रहा है। राम नगर मेड्डुआ स्थित शुभलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 19 मई से 25 मई 2026 तक श्री शिवमहापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्री राधा बालकृष्ण सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस आध्यात्मिक अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह व्याप्त है। कार्यक्रम का शुभारंभ 18 मई को विशाल एवं भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। आयोजक मंडल के अनुसार कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक किया जाएगा। कथा व्यास परम पूज्य श्रद्धेय आचार्य कुलदीप कृष्ण जी महाराज, श्रीधाम वृंदावन अपनी मधुर वाणी से भगवान भोलेनाथ की महिमा, भक्ति, सनातन संस्कृति एवं पुरुषोत्तम मास के आध्यात्मिक महत्व का रसपान कराएंगे। 18 मई को निकलने वाली भव्य कलश यात्रा में भगवा ध्वजों, जयघोषों और भक्ति संगीत के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं एवं युवाओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आवाहन किया है। शुभलेश्वर महादेव मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं धार्मिक स्वरूप से सजाया जा रहा है। पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में रंगने लगा है। आयोजन समिति का कहना है कि शिवमहापुराण कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना, संस्कार, सामाजिक समरसता एवं आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने का माध्यम भी है। श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने तथा धर्म और संस्कृति के इस महापर्व में सहभागी बनने की अपील की गई है।

# नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई में प्रवेश हेतु अभियान चलाया



**जंघई।** प्राचार्य नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई डॉ0 नीरज के नेतृत्व मे प्रतिदिन क्षेत्र के इंटर कालेजों में प्रवेश हेतु अभियान चलाया जा रहा है। प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में रसानुभूति एवं आलोचनात्मक चिंतन की क्षमता का विकास करना ही उच्च शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है। क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए किया प्रेरित करने हेतु यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्राध्यापकों प्रो रवि कुमार मिश्र, डॉ0 आनंद कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 आयुषी मौर्य, तृतीय श्रेणी कर्मचारियों में हर्षवर्धन सिंह, कृष्णराज शुक्ल, अनुज तिवारी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राकेश चंद तिवारी एवं कृष्ण कुमार यादव द्वारा छात्र संख्या वृद्धि एवं उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु शुक्रवार को भी विशेष संपर्क अभियान चलाया गया। 4 विद्यालयों सरस्वती इण्टर कालेज सरायममरेज, श्री गिरजा शंकर तिवारी इण्टरमीडिएट कालेज नीभापुर, एसके माडर्न इण्टर कालेज सेमरी, जंघई एवं आरडी मैमोरियल इण्टर कालेज जंघई मे जाकर प्रधानाचार्यों, शिक्षको, शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर उन्हें उच्च शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही विद्यार्थियो को नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंघई जौनपुर में संचालित स्नातक कला/विज्ञान वर्ग एवं परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने छात्र- छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित स्किल डेवलपमेंट, प्लेसमेंट, कैरियर मार्गदर्शन, छात्रवृत्ति, खेलकूद प्रशिक्षण एवं रोजगारपरक शिक्षा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। एससी/एसटी वर्ग के विद्यार्थियों का निशुल्क प्रवेश, सुरक्षित परिवेश और उपचारात्मक कक्षाओं के साथ साथ आनलाइन/आफलाइन शिक्षण की व्यवस्था के संदर्भ मे भी बताया। प्राचार्य ने बताया कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास भी अत्यंत आवश्यक है, जिससे छात्र-छात्राएं आत्मनिर्भर बन सकें और उनका सर्वांगीण विकास हो सके। अभियान के दौरान विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के भविष्य एवं हित को दृष्टिगत रखते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## छत के रास्ते घर में घुसे चोर, लाखों के जेवर और नकदी लेकर फरार

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी दयाराम यादव के घर में देर रात चोर छत के रास्ते दाखिल हुए। इसके बाद उन्होंने कमरे का ताला तोड़कर घर में रखे करीब 20 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण तथा नगदी चोरी कर ली। घटना की जानकारी परिवार के लोगों को सुबह हुई तो घर में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित दयाराम यादव ने तत्काल घटना की सूचना थरवई थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही चोरी की घटना के सुराग जुटाने में लगी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। लोगों ने पुलिस से जल्द खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# पीडीए ने शुरू किया ई-ऑफिस पोर्टल, अब ऑनलाइन होगी संपत्तियों की नीलामी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने अपनी विभिन्न योजनाओं में रिक्त पड़ी संपत्तियों की नीलामी प्रक्रिया को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए प्राधिकरण ने नया ई-ऑफिस पोर्टल तैयार कराया है, जिसका शुभारंभ गुरुवार को इंदिरा भवन स्थित प्राधिकरण सभागार में मंडलायुक्त एवं उपाध्यक्ष द्वारा किया गया।

प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार, अब आम नागरिक घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। पोर्टल का लिंक पीडीए की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। इच्छुक लोग पोर्टल पर पंजीकरण कर संपत्तियों की नीलामी में हिस्सा ले सकते हैं।



कार्यक्रम में उपाध्यक्ष ऋषि राज, सचिव अजीत प्रताप सिंह, नगर नियोजक जीतेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता बृजेश कुमार तथा जोनल अधिकारी सूरज कुमार पटेल समेत प्राधिकरण के कई अभियंता और कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीडीओ ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश, गुणवत्ता और समयसीमा पर जोर

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, विकास कार्यों एवं निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में हर हाल में पूरे किए जाएं।

सीडीओ ने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर खराब है, वे तत्काल सुधार करें और प्रगति को नियमित रूप से बेहतर बनाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक सप्ताह लंबित मामलों की पत्रावली के माध्यम से समीक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्यों में तेजी लाई जा सके। बैठक में उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों तक समय से पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन और निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीडीओ ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जो परियोजनाएं निर्धारित समय में पूरी हो सकती हैं, उन्हें अतिरिक्त संसाधन और मानवबल लगाकर शीघ्र पूरा किया जाए। वहीं जिन परियोजनाओं में समय विस्तार या अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है, उनके लिए उचित प्रक्रिया के तहत प्रस्ताव भेजे जाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि जो निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सके हैं या जिनमें भूमि विवाद बाधा बन रहे हैं, उन्हें संबंधित एसडीएम के माध्यम से शीघ्र निस्तारित कराकर कार्य प्रारंभ कराया जाए। साथ ही सीएम डैशबोर्ड पर डेटा फीडिंग में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने की चेतावनी दी गई।

सीडीओ ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि गंगा या सहायक नदियों पर प्रस्तावित किसी भी निर्माण कार्य के लिए एनएमसीजी या एनजीटी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति के किसी भी स्थिति में कार्य शुरू न किए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## देवनहरी गांव पहुंच विधायक दीपक पटेल ने जताई संवेदना, परिवारों को बंधाया ढांढस

**सहसों।** फूलपुर विधायक दीपक पटेल ने भाजपा सहसों मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला के 75 वर्षीय चाचा बाबादीन शुक्ला के निधन पर देवनहरी गांव पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। विधायक ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा समाज परिवार के साथ खड़ा है। इसके अलावा विधायक दीपक पटेल ने गांव निवासी राम नारायण शुक्ला की पत्नी के निधन पर भी उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान क्षेत्र में शोक एवं संवेदना का माहौल बना रहा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पार्षद अरुण मिश्रा पिंटू, मंडल अध्यक्ष पुष्कर पटेल, भूपेंद्र पांडे, लालजी दुबे, आलोक गुप्ता, चंद्रेश नारायण दुबे, अशोक शुक्ला, चिंतामणि शुक्ल, इंद्रमणि मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, प्रमोद त्रिपाठी आजाद, आनंद मिश्रा, वेद मणि त्रिपाठी, चंद्रधर द्विवेदी, अजीत पांडे, प्रहलाद मोदनवाल, शिव बाबू केसरवानी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तीन आवासीय योजनाओं में व्यावसायिक भूखंड खरीद सकेंगे, पंजीकरण शुरू

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) तीन आवासीय योजनाओं में 100 से अधिक व्यावसायिक भूखंडों की बिक्री करेगा। कसारी मसारी, नैनी और परिमल आवास योजना नुरुल्लाहरोड पर भूखंड बेचा जाएगा। 100 वर्ग मीटर से लेकर 5500 वर्ग मीटर के दायरे वाले भूखंड बेचे जाएंगे। भूखंडों को खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन शुक्रवार आज यानी 15 मई से शुरू हो गया है।

भूखंडों की खरीद के लिए रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 22 जून निर्धारित की गई है। सभी भूखंडों की बिक्री नीलामी के माध्यम से की जाएगी। अलग-अलग आवासीय योजनाओं के भूखंडों की बिक्री अलग-अलग तिथियों पर की जाएगी। आवासीय योजनाओं में भूखंडों की बिक्री के पहले पीडीए की ओर से विकास कार्य कराया जाएगा। परिमल आवास योजना को विकसित करने के लिए पीडीए की ओर से टेंडर निकाला जा चुका है। बाउंड्री,सफाई,सड़क का चौड़ीकरण के अलावा नाला को ठीक किया जाएगा।

पीडीए के प्रभारी संपत्ति सूरज पटेल ने बताया कि 100 वर्ग मीटर के पांच भूखंड हैं। इसके अलावा शेष भूखंड का दायरा 800 वर्ग मीटर से लेकर 5500 वर्ग मीटर तक है। इन भूखंडों की बिक्री से पीडीए को करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त होगा।

# महिला का मिला रक्त रंजित शव, नहीं हुई पहचान

## कौशाम्बी में नहीं रुक रहा अज्ञात महिलाओं के शव मिलने का सिलसिला

**अखंड भारत संदेश**



**महेवाघाट कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गढ़ी बाजार के पास बैरमपुर से पश्चिम शरीरा जाने वाले मार्ग पर एक महिला उम्र लगभग 40 वर्ष का रक्त रंजित शव शुक्रवार की सुबह सड़क के किनारे पड़ा हुआ मिला है शव मिलने से हड़कंप मच गया। महिला के रक्त रंजित शव पड़े होने की जानकारी मिलते ही मौके पर सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है तमाम प्रयास के बाद भी महिला की पहचान नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे के आसपास गढ़ी बाजार के पास बैरमपुर से पश्चिम शरीरा जाने वाले मार्ग पर ग्रामीण खेत की ओर जा रहे थे तो देखा कि महिला का रक्त रंजित शव पड़ा है सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना पुलिस का कहना है कि महिला की शिनाख्त हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।घटना की सूचना पर एसपी सत्यनारायण प्रजापत भी मौके पर पहुंचे और संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए है महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई कौशाम्बी जिले में अज्ञात महिलाओं के शव मिलने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है पड़ोसी जनपदों के अपराधी कौशाम्बी में महिलाओं के शवों को फेंककर भाग जा रहे है और पुलिस हाथ पर हाथ रख कर बैठी रह जा रही है।स्थानीय लोगों ने बताया कि पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गढ़ी बाजार के पास उस वक्त सनसनी फैल गई,जब एक अज्ञात महिला का रक्त रंजित शव सड़क के किनारे पड़ा हुआ मिला। शव मिलने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर पहचान कराने में जुटी है। वहीं फॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाकर मौत के कारणों की जांच कर रही है।बताया जा रहा है कि बीते दो महीने में कई महिलाओं का शव हाइवे और सड़क के किनारे के साथ साथ रेलवे के किनारे भी मिला है,जिसमे से कुछ की शिनाख्त हो पाई है अन्य की शिनाख्त अभी भी नहीं हो पाई है।एसपी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि लगभग 40 वर्षीय महिला का शव सड़क के किनारे मिला है,महिला की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है,शव को कब्जे में लेकर विधिक कारर्वाई की जा रही है,आस पास के सीसीटीवी कैमरे भी देखे जा रहे है,लोगो से पूछ भी की जा रही है,जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### तीन लोगों पर प्राण घातक हमला करने वाला इनामिया गिरफ्तार

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में 26 दिसम्बर 2025 को शाहिदा वेगम पत्नी मोहन अली निवासी मकदूमपुर मजरा बहादुरपुर थाना मंझनपुर वा उसके बेटे पर लोहे के राड से हमला किया गया था मंझनपुर कोतवाली पर मु0अ0सं0 451/2025 धारा 115 (2) /351 (2) /333/324(4) बीएनएस पंजीकृत हुआ तीन दिन बाद दिनांक 29 दिसंबर को नूर अली पुत्र मोहर अली निवासी मकदूमपुर थाना मंझनपुर पर लोहे की राड एवं लाठी से सिर पर प्रहार कर दिया जिससे गंभीर चोटे आई मंझनपुर कोतवाली पर मु0अ0सं0 458 /2025 धारा 109(1) /352 /351(3) बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त अभियोगों से संबंधित फरार चल रहे अभियुक्त आजाद पुत्र छोटे निवासी बहादुरपुर मकदूमपुर थाना मंझनपुर की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा 10,000 /- रूपये की इनाम राशि घोषित की गई थी। उपरोक्त क्रम में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा था इसी दौरान दिनांक 14.05.2026 को अभियुक्त आजाद पुत्र छोटे निवासी ग्राम बहादुरपुर मकदूमपुर थाना मंझनपुर को महावा रोड नहर पुलिया के पास से पुलिस ने गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के समझ प्रस्तुत किया गया।

# पत्रकारों ने 2 मिनट का मौन रखकर वरिष्ठ पत्रकार दिवंगत उपेंद्रनाथ शुक्ला को दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** पत्रकारिता जगत के भीष्म पितामह वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्रनाथ शुक्ला उर्फ राम जी पंडित की लंबी बीमारी के बाद गुरुवार को उनके निज निवास भरवारी सिंधिया में मौत हो गई है उनका अंतिम संस्कार गुरुवार की शाम को कर दिया गया है इस बात की जानकारी जैसे ही पत्रकार समाज को हुई पूरे पत्रकार समाज में शोक की लहर दौड़ गई है जनपद मुख्यालय मंझनपुर में शुक्रवार को एकत्रित हुए तमाम पत्रकारों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत पत्रकार उपेंद्र नाथ शुक्ला उर्फ राम जी पंडित को श्रद्धांजलि अर्पित किया है पत्रकारों ने कहा कि उनके दशकों के अनुभव निष्पक्षता और समाज के प्रति उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता उपेंद्र नाथ शुक्ला के दशकों का अनुभव,निभीक लेखन और सत्य के प्रति अटूट निष्ठा हम सभी के लिए प्रेरणादायक

**उपेंद्र नाथ शुक्ला के दशकों का अनुभव, निर्भीक लेखन और सत्य के प्रति अटूट निष्ठा हम सभी के लिए प्रेरणादायक है**



है। आपने अपनी लेखनी से समाज को नई दिशा दी है और पत्रकारिता के उच्च मानदंडों को स्थापित किया है। हम आपकी उत्कृष्ट सेवाओं और समर्पण के प्रति हृदय से श्रद्धांजलि व्यक्त करते है इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि पत्रकारिता के शिखर पुरुष और हमारे मार्गदर्शक उपेंद्र नाथ शुक्ला का सम्मान दरअसल सत्य और मूल्यों का सम्मान है।आपकी बेबाक कलम और मुद्दों की गहरी समझ ने समाज की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपका मार्गदर्शन नई पीढ़ी के पत्रकारों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। इस मौके पर पत्रकार राम बदन भार्गव सुशील केसरवानी सुबोध केसरवानी महेंद्र मिश्रा प्रदीप सिंह पवन दुबे विमलेश शुक्ला शकील अहमद एनडी तिवारी पवन मिश्रा गणेश साहू संतलाल मौर्य समसुल अहमद मदन लाल केशरवानी अजीत कुशवाहा विष्णु सोनी रामबाबू केसरवानी मोहम्मद फैज राजू सक्सेना नेता तिवारी लकी तिवारी धर्मेंद्र सोनकर अनिल कुमार शैलेंद्र मौर्य उत्तम मिश्रा राजकुमार मुन्ना यादव सुशील मिश्रा बृजेंद्र केसरवानी नथन पटेल मोनू यादव सहित तमाम पत्रकारों ने उपेंद्रनाथ शुक्ला को श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

# दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को राज्यमंत्री ने दिया आर्थिक सहायता की डमी चेक

**कौशांबी।** प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन,कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को मां शीतला अतिथि गृह,सयारा में 13 मई,2026 को आए भीषण आंधी/तूफान एवं आगजनी से प्रभावित लोगों को आर्थिक सहायता राशि की डमी चेक प्रदान किया राज्यमंत्री ने ग्राम केसारी निवासी दिवंगत शकुंतला देवी के परिजन बच्चन लाल को रुपए-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि का डमी चेक प्रदान किया। उन्होंने पशुहानि से प्रभावित भैरव एवं शिवबालक को रुपए-37500-37500 की सहायता राशि की डमी चेक प्रदान किया। उन्होंने ग्राम तरसौरा ऊपरहार में आगजनी से प्रभावित शिवबालक,रामानंद,प्रेमचंद, रामादेवी एवं कांति पटेल को रूपये-13000-13000 की सहायता राशि की डमी चेक प्रदान किया। उन्होंने नोखिया,तारावती, कलावती एवं शुकुरी को रुपए-5000-5000 की सहायता राशि की डमी चेक प्रदान किया। उन्होंने सुखदेव एवं फूला देवी




रूपये-9000-9000 एवं गीता देवी को रुपए-6500 तथा गनपत को रूपये-4000 की सहायता राशि की डमी चेक प्रदान किया राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार दैवीय आपदा से प्रभावित प्रत्येक नागरिक के साथ संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा प्रभावित लोगों के खातों में 24 घंटे के भीतर राहत राशि पहुंचाने का कार्य किया गया, जो सरकार की त्वरित एवं जनहितकारी कार्यप्रणाली को दर्शाता है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन समय में सरकार हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धमर्राज मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, निवतर्मान विधायक लाल बहादुर, अध्यक्ष नगर पंचायत सिराथू भोला यादव, जितेन्द्र सोनकर, जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल, पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण, मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के झंझागढ़ में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई है मौत की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मायके पक्ष के लोगों ने पीट पीटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक शिमला देवी उम्र 23 वर्ष की शादी एक वर्ष पहले प्रदीप पटेल निवासी झंझागढ़ थाना कोखराज के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी गुरुवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर विवाहिता की लाश मिली है परिजनों के अनुसार दो मंजिला मकान बना हुआ है जिसमें ऊपर के कमरे में महिला मृतक मिली थी मायके वालों ने ससुरालियों पर मार पीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है परिजनों के अनुसार दहेज के लिए पति और ससुराली लगातार मार पीट करते थे गुरुवार को भी मार पीट किया था जिससे महिला की मौत हो गयी हैं सूचना पर पहुँची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं एसओ कोखराज का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकता है तहरीर के आधार पर जांच चल रही है।

### उप जिलाधिकारी ने ग्राम सयारा मीठेपुर में भूमि विवाद की 04 शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण

**कौशांबी।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी, सिराथू योगेश कुमार गौड़ ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम सयारा मीठेपुर में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित 04 शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया।कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शिकायतकर्ता अवध बिहारी को गाटा संख्या 752, पट्टे की भूमि चिन्हित कर कब्जा दिलाया। इसी प्रकार ग्राम की गाटा संख्या 1305, चकरोड को चिन्हांकित कर मौके पर ही अतिक्रमण मुक्त कराया। ग्राम की गाटा संख्या 1675 (तालाब), जो आबादी के बीच है, को चिन्हित कर साफ-सफाई के लिए खण्ड विकास अधिकारी, कड़ा को सुपुर्द किया। शिकायतकर्ता मो. जुबैर की धारा 24 का अनुपालन कराया। प्राथमिक विद्यालय पर से गुजर रही 11000 वोल्ट की तार को शिफ्ट कराने की शिकायत पर एस.डी.ओ. विद्युत को आदेशित किया गया उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### उप जिलाधिकारी ने ग्राम उमरावा उपहार में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण

**कौशांबी।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी,मंझनपुर आकाश सिंह ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधानह्व अभियान के अंतर्गत आज ग्राम उमरावा उपहार में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शिकायतकर्ता पुरुषोत्तम की शिकायत पर ग्राम की गाटा संख्या 243, चकरोड की पैमाइश कर अवैध अतिक्रमण को मौके पर ही हटवाया। इसी प्रकार ग्राम की गाटा संख्या 318, तालाब की पैमाइश कर चिन्हित किया गया उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### ग्राम जलालपुर शाना में भूमि विवाद की 03 शिकायतों का उप जिलाधिकारी ने मौके पर ही कराया निस्तारण

**कौशांबी।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी,चायल अरुण कुमार ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत आज ग्राम जलालपुर शाना में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित 03 शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया।कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शिकायतकर्ता सुधीर कुमार तिवारी की शिकायत पर ग्राम की आराजी संख्या 665 (ख), नवीन परती को अलग कर समस्या का समाधान किया गया उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने ग्राम पट्टी परवेजाबाद में भूमि विवाद की 03 शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण

**कौशांबी।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी न्यायिक ओम प्रकाश ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत गुरुवार को तहसील चायल की ग्राम पट्टी परवेजाबाद में आयोजित कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का स्थलीय सत्यापन किया एवं ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शिकायतकर्ता राम नरेश की शिकायत पर ग्राम की गाटा संख्या 749, बंजर की भूमि का सीमांकन कर चिन्हित किया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता शीतला प्रसाद की शिकायत पर गाटा संख्या 269 का बटवारा कर भूमि विवाद का समाधान किया गया। शिकायतकर्ता शब्बीर अहमद की शिकायत पर गाटा संख्या 750, तालाब की भूमि का सीमांकन कर चिन्हित किया गया।अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चायल अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने भूमि विवाद की 05 शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण

**कौशांबी** उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधानअभियान के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम अंबावा पूरब में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित 05 शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया। कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शिकायतकर्ता सुनील सिंह की शिकायत पर गाटा संख्या 910 पट्टे की भूमि की पैमाइश कर कब्जा दिलाया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता पुष्पराज सिंह की शिकायत पर गाटा संख्या 904, नाली की भूमि की पैमाइश कर चिन्हित किया गया। शिकायतकर्ता दिनेश कुमार की शिकायत पर गाटा संख्या 188, चकमार्ग की पैमाइश कर चिन्हित किया गया।कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शिकायतकर्ता छेदीलाल की शिकायत पर गाटा संख्या 820, चकमार्ग की पैमाइश कर चिन्हित किया गया। ग्राम की गाटा संख्या 366, नवीन परती की भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को मौके पर ही हटवाया। उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# दस किलोमीटर दूर मिले गंगा में डूबे दो मासूम बच्चों के शव

**गुरुवार को बधाई पूजने के दौरान डूबे थे बच्चे,**

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में गुरुवार को सुबह बधाई पूजने के दौरान पांच बच्चे गंगा में डूब गए थे,जिनमें से तीन बच्चों को बचा लिया गया था जबकि दो बच्चे नहीं मिल सके थे,जिन्हें एसडीआरएफ की टीम ने बहुत खोजने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मिल सके,जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम वापस लौट गई,वही पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों बच्चों के शव को घटनास्थल से लगभग दस किलोमीटर दूर बरामद कर लिया है।कोखराज थाना क्षेत्र के महमदपुर गंगा घाट पर गुरुवार को पांच बच्चे गंगा में डूब गए थे,जिनमें से तीन बच्चे बचा लिए गए,जबकि दो बच्चे डूब गए थे,दोनो डूबे हुए बच्चों के शव पुलिस ने गोताखोरों की मदद से संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कुरई में 13 वर्षीय आर्यन और बदनपुर घाट पर अर्जुन का शव बरामद कर लिया है दोनों बच्चों के परिजनों में कोहराम मचा है पुलिस ने आर्यन व अर्जुन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बच्चे अकेले या बिना निगरानी के गंगा नदी में नहाने न जाएं। गहरे पानी में जाने से बचें।

### एसपी ने की जनसुनवाई, फरियादियों की समस्याओं को सुना एवं समाधान हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**कौशांबी।** पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में दिनांक 15.05.2026 को पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा आमजनमानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए,जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए,जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाए।

# पूर्व प्रधान की हत्या के मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**हररायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में 4 मई को मॉर्निंग वॉक के दौरान पूर्व प्रधान मनोज हेला को गोली मारी गई थी,जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी हत्या की घटना में शामिल मुख्य आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने बताया कि वर्तमान प्रधान ने राजनैतिक प्रतिद्वंदिता के चलते भाड़े के शूटरों से रुपए देकर पूर्व प्रधान की हत्या कराई थी।इस मामले में पूर्व में दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया था और एक आरोपी ने प्रतापगढ़ में न्यायालय में पुराने मामले में सरेंडर कर दिया है।एसपी सत्यनारायण प्रजापत ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 4 मई को आलमचंद्र के नरवरपट्टी के पूर्व प्रधान मनोज हेला को गोली मार दी गई थी,इस मामले में वर्तमान प्रधान रोशन

**राजनीतिक प्रतिद्वंदिता में वतर्मान प्रधान ने 50 हजार रुपए के भाड़े के शूटरों से कराई थी पूर्व प्रधान मनोज हेला की हत्या**



लाल को गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने बताया कि आरोपी रोशन लाल ने राजनैतिक प्रतिद्वंदिता के चलते भाड़े के शूटरों से 50 हजार देकर हत्या कराई थी,यह सभी लोग आपस में रिश्तेदार भी है,जिनमें से दो मामा भांजे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था,और रोशन लाल जो कि सुलखान का चाचा लगता है गिरफ्तार किया गया है,आरोपी के विरुद्ध लिखापढ़ी कर न्यायालय में पेश किया गया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### विद्युत लाइनमैन की बड़ी लापरवाही से बाइक सवार गंभीर घायल

**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मड़ूकी फ़ैज़ीपुर के पास गुरुवार को विद्युत खंभे पर लाइनमैन चढ़कर 11000 हाई वोल्टेज की तार को लाइनमैन ठीक कर रहा था लेकिन सड़क पर किसी प्रकार का लाइनमैन ने अवरोध नहीं लगाया था जिससे आवागमन चल रहा था इसी बीच मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सेलरहा पूरब गांव के धरमुहा पुर मजरा निवासी अंकित पटेल अपने पिता शिवसागर के साथ बाइक में सब्जी लेकर बाजार जा रहे थे विद्युत विभाग के लाइनमैन की लापरवाही से अचानक हाई वोल्टेज की विद्युत तार बाइक सवार के ऊपर गिर गई जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े इस दुर्घटना में अंकित पटेल गंभीर घायल हो गए हैं स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर घायल बाइक सवार अंकित पटेल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भती कराया है जहां गंभीर अवस्था में अंकित पटेल का इलाज चल रहा है मामले की सूचना मंझनपुर कोतवाली पुलिस को दी गई है लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद अभी तक ना तो लापरवाह लाइन मैन पर मुकदमा दर्ज हुआ है और ना ही लाइनमैन की गिरफ्तारी हुई है जिससे परेशान परिवार के लोगों ने पुलिस अधिकारियों से भी शिकायत करते हुए मुकदमा दर्ज कराकर आरोपी लाइनमैन की गिरफ्तारी की मांग की है।

# सराय अकील में अवैध बालू खनन का खेल बेखौफ जारी, प्रशासन मौन



**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकील क्षेत्र के मल्हीपुर इलाके में अवैध बालू खनन का खेल खुलेआम जारी है। सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र के दो पट्टाधारक अपने निर्धारित पट्टा क्षेत्र को छोड़कर प्रतिबंधित और अवैध स्थानों पर पोकलैंड मशीनों से बड़े पैमाने पर खनन करा रहे हैं प्रशासन की नाक के नीचे चल रहे इस खेल से इलाके में नाराजगी बढ़ती जा रही है।बताया जा रहा है कि रात-दिन भारी मशीनों से बालू निकासी की जा रही है,जिससे माँ यमुना क्षेत्र का सीना छलनी होता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कारर्वाई करने के बजाय आंखें मूंदे बैठे हैं। यही वजह है कि बालू कारोबारियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन में लगे भारी वाहनों ने क्षेत्र की सड़कों को पूरी तरह जर्जर कर दिया है। जगह-जगह गड्ढे और धूल के गुबार से राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। आए दिन बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं और सड़क हादसे बढ़ते जा रहे हैं,लेकिन जिम्मेदार विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार करता नजर आ रहा है।सूत्रों के अनुसार अवैध खनन की वीडियो भी सामने आने वाली है,जिसमें साफ दिखाई देगा कि किस तरह नियमों को ताक पर रखकर पोकलैंड मशीनों से अवैध तरीके से बालू निकासी की जा रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और खनन विभाग से तत्काल जांच कर कारर्वाई की मांग की है।

## कटैया घाट बना खनन माफियाओं का किला

**यमुना की छाती पर दौड़ रही पोकलैंड मशीनें जीपीएस वीडियो वायरल फिर भी अफसरों की खामोशी पर उठे सवाल**

**अखंड भारत संदेश**

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के कटैया घाट पर अवैध बालू खनन का ऐसा खेल सामने आया है,जिसने पूरे प्रशासनिक सिस्टम की कायर्शैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वायरल जीपीएस वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह यमुना नदी की जलधारा के भीतर भारी पोकलैंड मशीनें उतारकर खुलेआम बालू निकाला जा रहा है।आरोप है कि पट्टा की सीमाएं सिर्फ कागजों तक सीमित हैं,जबकि हकीकत में नदी का सीना चीरकर करोड़ों का खेल खेला जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भी जिम्मेदार विभागों की तरफ से कोई ठोस कारर्वाई सामने नहीं आई।स्थानीय लोगों का कहना है कि रातभर मशीनों की आवाज गूंजती है,ओवरलोड डंपरों की आवाजाही होती है,लेकिन प्रशासन को कुछ दिखाई नहीं देता। लोगों के बीच चर्चा है कि बिना मजबूत




संरक्षण के नदी के बीच पोकलैंड उतारने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता। सबसे बड़ा सवाल क्या बालू माफियाओं के सामने प्रशासन ने घुटने टेक दिए हैं..?या फिर पूरा सिस्टम ह्लसब सेट हैह्वकी तर्ज पर आंखें बंद किए बैठा है.?अगर यही हाल रहा तो यमुना की धारा ही नहीं, कानून का अस्तित्व भी रेत में दफन हो जाएगा। अब जनता जवाब मांग रही है कारर्वाई होगी या फिर माफियाओं के आगे सिस्टम यूं ही नतमस्तक रहेगा..?

## मझियारी घाट की आड़ में यमुना का दोहन

**रसूलपुर ब्यौर में पुकलैंड मशीनों से अवैध खनन का जीपीएस वीडियो वायरल**




**तिल्हापुर कौशाम्बी।** यमुना नदी की छाती चीरकर अवैध बालू खनन किए जाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया है। प्रयागराज जनपद के मझियारी घाट खंड संख्या 6 के नाम पर स्वीकृत खनन पट्टे की आड़ में कौशांबी सीमा के रसूलपुर ब्यौर क्षेत्र में पुकलैंड और जेसीबी मशीनों से बड़े पैमाने पर अवैध खनन किए जाने के गंभीर आरोप लगे हैं। पूरे मामले में खनन संचालन से जुड़े तारा इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर चरणजीत कुशवाहा का नाम चर्चा के केंद्र में है।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 13 मई 2026 के ताजा जीपीएस लोकेशन युक्त वीडियो ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है।वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि यमुना नदी की सक्रिय धारा के भीतर पुकलैंड मशीन उतारकर गहराई तक खुदाई की जा रही है। स्थानीय लोग इस वीडियो को अवैध खनन का प्रत्यक्ष और पुख्ता साक्ष्य बता रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब खनन पट्टा प्रयागराज के मझियारी घाट खंड संख्या 6 के नाम पर स्वीकृत है, तो फिर कौशांबी सीमा के रसूलपुर ब्यौर क्षेत्र में आखिर किसके संरक्षण में खनन गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। यही नहीं, निकाले गए बालू के परिवहन को लेकर भी तरह-तरह की चर्चाएं हैं, जिससे प्रशासनिक निगरानी, विभागीय कार्यप्रणाली और राजस्व व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। खनन विशेषज्ञों और स्थानीय जानकारों के मुताबिक नदी की सक्रिय धारा में पुकलैंड एवं जेसीबी जैसी भारी मशीनों का प्रयोग खनन नियमों के प्रतिकूल माना जाता है। इसके बावजूद खुलेआम मशीनों से यमुना की धारा में गहरी खुदाई किए जाने के आरोप यह संकेत दे रहे हैं कि नियमों को पूरी तरह ताक पर रखकर खनन कार्य किया जा रहा है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी तरह यमुना नदी की तलहटी को मशीनों से खोदा जाता रहा, तो आने वाले समय में तटीय क्षेत्रों में कटान,जलस्तर असंतुलन और पर्यावरणीय संकट गहराने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतें किए जाने के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है।वायरल वीडियो सामने आने के बाद अब क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच, संयुक्त स्थलीय निरीक्षण तथा अवैध खनन में प्रयुक्त पुकलैंड और जेसीबी मशीनों को तत्काल सीज किए जाने की मांग उठाई है। साथ ही दोषी खननकर्ताओं और संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग भी जोर पकड़ने लगी है।

## सम्पादकीय

### नीट परीक्षा रद्द, पेपर लीक का एक और मामला

**नेशनल** टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल प्रवेश की सबसे बड़ी परीक्षा नीट 2026 को रद्द करने का फैसला लिया है। 3 मई को नीट परीक्षा आयोजित हुई थी, लेकिन उसके पर्चे पहले ही लीक हो गए थे, इस वजह से एनटीए ने परीक्षा को ही रद्द करने का फैसला लिया। ज्ञात हो कि नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) परीक्षा, भारत में मेडिकल कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित की जाती है। हर साल लाखों विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होते हैं। इस बार 22 लाख बच्चों ने नीट परीक्षा दी थी। जिसके लिए कई छात्रों ने साल-दो साल की महंगी कोचिंग कक्षाओं में पढ़ाई की होगी, कई छात्रों के मां-बाप ने आर्थिक कठिनाइयों या अन्य दिक्कतों का सामना किया होगा, ताकि उनके बच्चे इस परीक्षा में सफल हो सकें तो डॉक्टर बनने के लिए मेडिकल कॉलेज में उनका दाखिला हो जाए। छात्रों का भविष्य, उनके सपने, बेहतर जीवन की तैयारी सब कुछ इस परीक्षा पर निर्भर होगा, जिसे एक झटके में पेपर लीक माफिया ने तोड़ दिया है। एनटीए ने तो एक बयान जारी कर बता दिया कि 3 मई 2026 को आयोजित परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। अब परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। नयी परीक्षा तारीख की घोषणा बाद में आधिकारिक माध्यमों से की जाएगी। इससे आगे एनटीए में बैठे अधिकारियों ने अपनी और कोई जिम्मेदारी छात्रों के प्रति नहीं समझी। एनटीए ने कहा कि उसने 8 मई को पेपर लीक के मामले को स्वतंत्र जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए केंद्रीय एजेंसियों को भेजा था। उनसे चर्चा के बाद यह तय किया गया कि मौजूदा परीक्षा प्रक्रिया को बरकरार नहीं रखा जा सकता। एजेंसी ने माना कि दोबारा परीक्षा होने से छात्रों और उनके परिवारों को असुविधा होगी, लेकिन एनटीए के अनुसार परीक्षा प्रक्रिया पर विश्वास बनाए रखने के लिए यह कदम जरूरी था।

# वैश्विक संकटों के दौर में परिवार ही रिश्तों की अंतिम शरणस्थली

**– ललित गर्ग –**

**हर** वर्ष 15 मई को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस एक मानवीय रिश्तों का उत्सव ही नहीं, बल्कि मानव सभ्यता को उसकी जड़ों की याद दिलाने का अवसर है। यह दिन हमें बताता है कि दुनिया चाहे कितनी भी आधुनिक, तकनीकी और आर्थिक रूप से विकसित क्यों न हो जाए, मनुष्य की सबसे पहली जरूरत आज भी परिवार ही है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित यह दिवस इस वर्ष विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पूरी दुनिया बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, युद्ध, हिंसा, मानसिक तनाव, अकेलेपन और टूटते मानवीय विश्वासों के संकट से गुजर रही है। ऐसे कठिन समय में परिवार केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि मनुष्य के अस्तित्व, सुरक्षा, संस्कार और संवेदनाओं की सबसे मजबूत छत बनकर सामने आता है।

आज दुनिया का सबसे बड़ा संकट आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक और नैतिक संकट है। बाजार की चकाचौंध ने आदमी को उपभोक्ता तो बना दिया, लेकिन संवेदनशील इंसान नहीं बना सकी। संबंधों में स्वार्थ का प्रवेश हुआ है। विश्वास की जगह संदेह ने ले ली है। आदमी मशीनों से जुड़ रहा है, लेकिन अपनों से कटता जा रहा है। युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं लड़े जा रहे, वे परिवारों के भीतर भी दिखाई देने लगे हैंकृपति-पत्नी के बीच, पीढ़ियों के बीच, भाई-भाई के बीच। संवाद टूट रहे हैं, सहनशीलता घट रही है और ह्यमैंह्ल का अहंकार ह्यहमह्ल की भावना को निगलता जा रहा है। ऐसी परिस्थितियों में परिवार की भूमिका पहले से कहीं अधिक बढ़ जाती है। परिवार केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं है, वह जीवन-मूल्यों का विद्यालय है। वहीं मनुष्य पहली बार प्रेम सीखता है, त्याग सीखता है, सहयोग, अनुशासन, धैर्य और सह-अस्तित्व की भावना सीखता है। यदि परिवार स्वस्थ है तो समाज स्वस्थ होगा, समाज स्वस्थ होगा तो राष्ट्र और विश्व भी संतुलित रहेंगे। इसलिए आज आवश्यकता केवल परिवार बचाने की



नहीं, बल्कि परिवारों को मूल्यनिष्ठ बनाने की है। आज जब महंगाई लगातार बढ़ रही है, जीवन की आवश्यकताएं महंगी होती जा रही हैं और बेरोजगारी युवाओं के सपनों को तोड़ रही है, तब संयुक्त परिवार की अवधारणा फिर प्रासंगिक बनती दिखाई दे रही है। संयुक्त परिवार केवल आर्थिक साझेदारी नहीं, बल्कि भावनात्मक सुरक्षा का भी आधार है। वहां संसाधनों का साझा उपयोग होता है, जिम्मेदारियां बांटी जाती हैं और संकट अकेले व्यक्ति पर नहीं टूटता। अकेलेपन से उपजी अवसाद की समस्याएं संयुक्त परिवारों में अपेक्षाकृत कम दिखाई देती हैं क्योंकि वहां संवाद और अपनापन जीवित रहता है। वास्तव में आधुनिक सभ्यता ने स्वतंत्रता तो दी, लेकिन उस स्वतंत्रता ने कई बार व्यक्ति को संबंध-विहीन भी बना दिया। महानगरों के छोटे-छोटे फ्लैटों में रहने वाले हजारों लोग आर्थिक रूप से संपन्न होकर भी भीतर से बेहद अकेले हैं। वृद्ध माता-पिता उपेक्षा के शिकार हैं, बच्चे संस्कारों से दूर हो रहे हैं और पति-पत्नी के बीच संबंधों की ऊष्मा कम होती जा रही है। यही कारण है कि मानसिक रोग, तनाव, असुरक्षा और आत्महत्याओं की घटनाएं बढ़ रही हैं। यह केवल व्यक्तिगत विफलता नहीं, परिवार संस्था के कमजोर पड़ने का संकेत है। आज आवश्यकता इस बात की है कि परिवार को केवल उपभोग और सुविधा का केंद्र न बनाकर उसे ह्लअहिंसा की प्रयोगशालाह्व बनाया जाए। अहिंसा का अर्थ केवल किसी को शारीरिक चोट न पहुंचाना नहीं है। कठोर शब्दों से बचना, अपमान न करना, एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना, क्रोध पर संयम रखना, संवाद बनाए रखना और क्षमा का अभ्यास करना भी अहिंसा है। यदि परिवार के भीतर हिंसक भाषा, कटुता, अपमान और असहिष्णुता होगी ।

# मोदी की अपील में नैतिक बल गायब, पाखंड भरपूर

**अनिल जैन**

**प्रधानमंत्री** ने तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक सरकारी कार्यक्रम में कहा कि ऊर्जा बचाने के लिए लोगों को वर्क फ्रॉम होम यानी घर से काम करने को तरजीह देनी चाहिए, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर पेट्रोल-डीजल की खपत और रसोई ईंधन के इस्तेमाल में कटौती करनी चाहिए। उन्होंने लोगों से तेल कम खाने, शादी-विवाह समारोहों में सादगी बरतने और खेतों में रासायनिक खाद का उपयोग कम करने की अपील भी की।

ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच छिड़े युद्ध के ठीक 72वें दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इल्हाम हुआ कि इस युद्ध से पैदा हुए वैश्विक संकट की चपेट में भारत भी आ रहा है। युद्ध शुरू होने के तत्काल बाद राहुल गांधी जैसे विपक्षी नेता और तमाम आर्थिक व सामरिक विशेषज्ञ जब इस संकट को लेकर भारत सरकार को आगाह कर रहे थे तो प्रधानमंत्री सहित उनकी सरकार के तमाम मंत्री और सत्तारूढ़ पार्टी के बाद बहादुर प्रवक्ता ऐसी नसीहतों की खिल्ली उड़ा रहे थे। पांच राज्यों में धुआंधार चुनाव प्रचार करते हुए मोदी कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों पर लोगों को अनावश्यक रूप से डराने का आरोप लगा रहे थे। वे देश में किसी भी तरह के संकट को नकारते हुए देश की आर्थिक मजबूती का दावा कर रहे थे। पांच राज्यों के चुनाव प्रचार से निवृत्त होने के बाद अब मोदी ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों से निबटने के लिए सात सूत्रीय अपील देशवासियों से की है। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना की राजधानी



हैदराबाद में एक सरकारी कार्यक्रम में कहा कि ऊर्जा बचाने के लिए लोगों को वर्क फ्रॉम होम यानी घर से काम करने को तरजीह देनी चाहिए, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर पेट्रोल-डीजल की खपत और रसोई ईंधन के इस्तेमाल में कटौती करनी चाहिए। उन्होंने लोगों से तेल कम खाने, शादी-विवाह समारोहों में सादगी बरतने और खेतों में रासायनिक खाद का उपयोग कम करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा बचाने के लिए लोगों को कम से कम सोना तो एक साल बिल्कुल भी नहीं खरीदना चाहिए। 'लोकल फॉर वोकल' का अपना घिसा-पिटा जुमला दोहराते हुए उन्होंने स्वदेशी उत्पादों का ज्यादा इस्तेमाल करने ओर विदेश यात्राओं से बचने पर भी जोर दिया।

ये सारी बातें प्रधानमंत्री ने अगले दिन अपने गृह राज्य गुजरात के वड़ोदरा में भी एक रैली को संबोधित करते हुए कही। प्रधानमंत्री की इस अपील या उनकी नसीहतों में कुछ भी ऐसा नहीं है जिससे असहमत हुआ जा सके। वैसे भी सादगी, संयम, अपरिग्रह और मितव्ययिता जैसे जीवन मूल्य सिर्फ किसी संकट के समय ही क्यों, हमेशा ही अपनाए जाने चाहिए। मगर सोचने वाली बात यह है कि ये सारे मूल्य लोगों से अपनाने की अपील कौन कर रहा है और जो कर रहा है उसकी अपील में कोई नैतिक बल है भी या नहीं? यह सवाल इसलिए उठता है क्योंकि जिन कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री ने यह अपील देश के लोगों से की, उन कार्यक्रमों में लोगों की भीड़ जुटाने के लिए हजारों निजी और सरकारी बसों का इस्तेमाल किया गया। यही नहीं, ऐसी अपील करने से पहले व बाद में मोदी ने हैदराबाद, जामनगर, सोमनाथ और वड़ोदरा में रोड शो किए, जिनमें महज दो किलोमीटर प्रति लीटर पेट्रोल-डीजल की खपत वाली वाली लाखों-करोड़ों रुपये की कीमत वाली दर्जनों गाड़ियां शामिल रहीं। दिलचस्प बात यह भी है कि लोगों को विदेश यात्राओं से बचने की नसीहत देने वाले मोदी खुद शुक्रवार (15 मई) को पांच देशों की यात्रा पर जाने वाले हैं। मोदी की बेहद खर्चीली निजी जीवन-शैली की बात न की जाए तो भी सवाल उठता है कि देश के किसी न किसी हिस्से में उनकी रोजाना करोड़ों रुपयों के खर्च से होने वाली रैलियां या रोड शो से अथवा धार्मिक पर्यटन से देश को क्या हासिल होता है? प्रधानमंत्री जिन तथाकथित विकास परियोजनाओं का शिलान्यास या उद्घाटन करने के लिए बेहद महंगी यात्राएं करते हैं, वह उद्घाटन और शिलान्यास ऑनलाइन भी तो हो सकता है। मोदी के प्रचार-प्रेम की हालत यह है कि किसी छोटी-मोटी रेल लाइन का उद्घाटन करना हो या कोई नई ट्रेन शुरू होनी हो, उसे झंडी दिखाने के लिए वे खुद जाते हैं, जबकि यह काम एक समय स्थानीय सांसद, विधायक या रेलवे के अफसर ही कर लेते थे। मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से अब तक करीब 95 देशों की यात्राएं की हैं जिन पर 5000 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हुए हैं।

# 2026 के विधानसभा चुनावों के नतीजे से क्षेत्रीय पार्टियों की भूमिका को झटका!

**– कल्याणी शंकर**

**राजनीति** में चुनाव जीतना और हारना आम बात है। फिर भी, हाल के नतीजे–अरविंद केजरीवाल और उद्धव ठाकरे की हार की तरह ही – महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलावों को उजागर करते हैं, जो क्षेत्रीय और राष्ट्रीय सत्ता समीकरणों पर असर डालते हैं, और पाठकों को इन बदलावों के व्यापक प्रभावों को समझने में मदद करते हैं।

हाल ही में संपन्न हुए 2026 के विधानसभा चुनावों में तीन प्रमुख मुख्यमंत्रियों को अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। यह एक ऐसी स्थिति है जिसे राजनीतिक क्षेत्र में कई लोग एक चुनौतीपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम के रूप में देखते हैं। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल के मुख्यमंत्रियों को अपने-अपने राज्यों के चुनावों में हार का सामना करना पड़ा। राजनीति में चुनाव जीतना और हारना आम बात है। फिर भी, हाल के नतीजे–अरविंद केजरीवाल और उद्धव ठाकरे की हार की तरह ही – महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलावों को उजागर करते हैं, जो क्षेत्रीय और राष्ट्रीय सत्ता समीकरणों पर असर डालते हैं, और पाठकों को इन बदलावों के व्यापक प्रभावों को समझने में मदद करते हैं।



पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की जीत एक बड़े विस्तार का संकेत है, जो केंद्र के बढ़ते प्रभाव को दशार्ता है। यह प्रभाव क्षेत्रीय पार्टियों के लिए चुनौती पेश करता है और भारतीय राजनीति में सत्ता के समग्र संतुलन को फिर से परिभाषित करता है, जो मौजूदा रुझानों को समझने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय पार्टियों के लिए बदलाव मुश्किल हो सकते हैं, जबकि वे हमारे लोकतंत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अपने समर्थकों की भावनाओं को समझना इस संक्रमण काल के दौरान सहानुभूति और आपसी समझ को बढ़ावा देता है। तमिलनाडु में राजनीतिक स्थिति और भी अधिक गहमागहमी भरी रही है, क्योंकि विभिन्न पार्टियां पर्दे के पीछे से अपनी रणनीतियों पर काम करती रही हैं। 'तमिलगावेट्रीकजगम' (टीवीके)ने 108 सीटें जीती हैं, लेकिन बहुमत हासिल करने के लिए उसे 118 सीटों की आवश्यकता थी।

उसे कांग्रेस, माकपा, भाकपा और वीसीके का समर्थन प्राप्त है, और विजय मुख्यमंत्री बन गये हैं। हालांकि, टीवीके के पास अभी भी अकेले दम पर सरकार चलाने के लिए पर्याप्त सीटें नहीं हैं। राज्यपाल से मुलाकात के चार दिन बाद, रविवार को विजय ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। जहां कुछ क्षेत्रीय पार्टियों का प्रभाव कम हो रहा है, वहीं विजय की पार्टी टीवीके का उदय राजनीति में एक नया दृष्टिकोण लेकर आया है।

## संदिग्ध हालात में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**सुलतानपुर ।लंभुआ** कोतवाली क्षेत्र के सखौली खुर्द गांव में शुक्रवार शाम एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला घटना से गांव में हड़कंप मच गया मृतक की पहचान अवधेश कुमार पाल पुत्र रामकुमार पाल उम्र लगभग 48 वर्ष निवासी सखौली खुर्द के रूप में हुई हैं ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताया हैं पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मौत के कारणों की जांच कर रही हैं मृतक की पत्नी प्रमिला पिछले 4 वर्ष से बीमार हैं और उनका इलाज चल रहा हैं वहीं पुत्र अभिषेक की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी अभिषेक बाहर रहकर रोजी-रोटी कमाता हैं उसकी पत्नी पुष्पा घर पर रहती हैं अभिषेक



की 4 माह की बच्ची हैं मृतक की दो पुत्रियां साक्षी और विनाक्षी शादी योग्य हैं घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हैं पुलिस का कहना हैं कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी फिलहाल सभी पहलुओं पर जांच की जा रही हैं घटना से गांव में शोक का माहौल हैं।

## आबकारी विभाग की छापेमारीः 50 लीटर कच्ची शराब बरामद, 1850 किलो लहन मौके पर नष्ट

**सुलतानपुर।आबकारी** आयुक्त के आदेश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। जिलाधिकारी सुलतानपुर एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में यह अभियान चलाया गया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 रण विजय सिंह के नेतृत्व में टीम ने प्र.आ.सि. साकेत राय, आ.सि. अंकित शर्मा,



इरफान, ओमवीर, प्रवर्तन टीम-2 अयोध्या प्रभार व कोतवाली नगर पुलिस के साथ ग्राम बल्लीपुर व चुनहा, थाना कोतवाली नगर में दबिश दी। टीम ने इसके बाद क्षेत्र में संचालित लाइसेंसी आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया। दुकानों पर संचित स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया तथा गुप्त रूप से टेस्ट परचेज कराई गई। साथ ही कबाड़ियों की दुकानों एवं ईंट भट्ठों की भी गहनता से चेकिंग की गई।

## नकली बताशा फैक्ट्री पर प्रशासन की छापेमारी, ब्रांड कॉपी कर घटिया माल बेचने का आरोप

**सुलतानपुर।शहर** में नामी ब्रांड की नकल कर घटिया बताशा बेचने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता रावल सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ लोग 'जय चामुंडा मां स्पेशल बताशा' से मिलता-जुलता ब्रांड और पैकिंग तैयार कर बाजार में घटिया क्वालिटी का माल खपा रहे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीओ सिटी सौरभ सामंत, नगर कोतवाल संदीप राय, खाद्य सुरक्षा विभाग व प्रशासन की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को फैक्ट्री पर छापा मारा। जांच के दौरान संदिग्ध बताशों का स्टॉक सील कर सैंपल जांच के लिए भेज दिया गया। कार्रवाई के बाद मिलावटखोरों और नकली



कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम व कॉपीराइट उल्लंघन के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि ब्रांडेड सामान खरीदते समय पैकिंग, बैच नंबर व एफएसएसएआई लाइसेंस जरूर चेक करें।

## डीएम के निर्देश पर ग्राम सभा की जमीन से हटवाया गया अवैध कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जिला** अधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर जनपद में राजस्व गांवों की सरकारी एवं ग्राम सभा की भूमि से अवैध कब्जे हटाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तहसील प्रशासन ने विकास खंड मोहम्मदाबाद क्षेत्र के विभिन्न गांवों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए कई स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराया। प्रशासन की इस कार्रवाई से गांवों में लोगों ने संतोष व्यक्त करते हुए इसकी सराहना की है।

अभियान के क्रम में उप जिलाधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी के नेतृत्व में तहसील प्रशासन की टीम ने ग्राम सभा कामुपुर में स्थित देवस्थान की भूमि पर किए गए



अवैध अतिक्रमण को हटवाकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। इसके साथ ही कामुपुर के विवादित स्थल पर नाली खुदाई का कार्य भी सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। इसी क्रम में ग्राम सभा लक्षरामपुर में चक रोड पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया तथा उसे पुनः सार्वजनिक उपयोग के लिए ग्राम सभा को सौंप दिया गया।

## मुहम्मदाबाद में महिलाओं का धरना प्रदर्शन, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में जताया जनाक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। मुहम्मदाबाद** स्थित शहीद पार्क परिसर में शुक्रवार को जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं ने धरना प्रदर्शन कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाले समाजवादी पार्टी के सांसद के खिलाफ जनाक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मरदह ब्लॉक प्रमुख सीता सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और संवैधानिक अधिकारों से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक




कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों का विरोध करने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि देश की मातृशक्ति अब जागरूक हो चुकी है और महिलाओं के सम्मान पर आघात करने वालों को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दिया जाएगा।

वहीं रंजू शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, सम्मान और संस्कार का प्रतीक माना गया है।

## श्रीरामचरित मानस है भगवान का वांग्मय रूप - महंत राजूदास

**अखंड भारत संदेश**

**जौनपुर** । जनपद के महराजगंज क्षेत्र के मया गाँव में मुंबई के उद्योगपति एवं युवा समाजसेवी राहुल दुबे के आवास पर अयोजित श्रीरामचरित मानस पाठ का समापन श्रद्धा भक्ति और उल्लास के वातावरण में भजन संध्या और भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ।भजन संध्या में मुकेश म्यूजिकल ग्रुप की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक रविन्द्र सिंह ज्योति,मुकेश त्रिपाठी,प्रसिद्ध गायिका अंशिका सिंह एवं टीम द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुति दी गयी।समापन के अवसर पर अयोध्या धाम से पधारे हनुमानगढ़ी के महंत राजूदास जी महाराज का आगमन हुआ।



जहाँ भक्तों ने माल्यार्पण कर महंत जी का स्वागत किया।अपने वक्तव्य में महंत जी ने कहा कि श्रीरामचरितमानस कोई पुस्तक नहीं है यह राघव सरकार का वांग्मय रूप है।हम सबको श्रीराम चरित मानस से शिक्षा लेकर भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलना चाहिए जिससे अपना एवं जग कल्याण हो सके इस पर युवाओं को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## जिलाधिकारी ने किया शेरपुर ग्राम पंचायत सचिवालय का लोकार्पण, ग्रामीणों को मिलेंगी सभी सरकारी सेवाएं एक ही छत के नीचे

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर** ।जनपद के विकास कार्यों को गति प्रदान करने एवं ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद गाजीपुर के विकास खंड मोहम्मदाबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत शेरपुर भॉवरकोल में नवनिर्मित भव्य ग्राम पंचायत सचिवालय का उद्घाटन जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा विधिवत फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ग्रामिणों से कहा कि ग्राम सचिवालय शेरपुर में एक सौगात है आपकी सारी समस्या एक ही स्थान पर सुनी जायेगी एवं ग्रामीण जनता



को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह सचिवालय लखनऊ सचिवालय की तुलना में बेहबर बना है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सचिवालय भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं संरचना की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवालय ग्रामीण प्रशासन को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पोषण समिति की बैठक में डीएम सख्त, आंगनबाड़ी व पोषण वाटिकाओं की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

**चित्रकूटः जिला** पोषण समिति की बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों, पोषण वाटिकाओं, टीएचआर वितरण, हॉट कुक्ड मील, कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं पोषण सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।




समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था साडा द्वारा निर्मित की जा रही पोषण वाटिकाओं तथा आरईडी द्वारा बनाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने अवशेष कार्यों को शीघ्र पूरा कराने और समयसीमा में कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। साथ ही पूर्ण हो चुके आंगनबाड़ी केंद्रों और पोषण वाटिकाओं को तत्काल हैंडओवर करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्वयं सहायता समूहों के बिल समय से भेजने और भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। टीएचआर के लंबित भुगतान को भी इसी सप्ताह पूरा कराने को कहा। नगर क्षेत्र में संचालित हॉट कुक्ड मील योजना की समीक्षा करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी से पिछले एक वर्ष में हुए व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल भोजन वितरण तक सीमित न रहें, बल्कि बच्चों के समग्र विकास और प्रारंभिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। सैम एवं मैम श्रेणी के बच्चों के चिन्हांकन और उपचार को गंभीरता से कराने के निर्देश देते हुए सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वीएचएसएनडी सत्रों में भाग लेने को कहा।

मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल द्वारा विकासखंड पहाड़ी के चक जाफर आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण में सुपरवाइजर की अनुपस्थिति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यकत्री और सहायिका को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी सीडीपीओ को प्रतिदिन कम से कम दो केंद्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी सुपरवाइजरों की ऑनलाइन फोटो उपस्थिति प्रतिदिन सुबह नौ बजे तक प्राप्त की जाए। समय से उपस्थिति न होने पर संबंधित दिवस का वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और सभी केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा डीएन पांडेय, जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मनरेगा खत्म करने की साजिश का लगाया आरोप, मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**चित्रकूटः भारतीय** कम्युनिस्ट पार्टी एवं उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन के संयुक्त नेतृत्व में शुक्रवार को कर्वी तहसील मुख्यालय में मजदूरों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कैंप कार्यालय कचहरी कर्वी से शुरू होकर तहसील परिसर तक पहुंचा, जहां सभा आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर मनरेगा योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया।

यूनियन के जिला संरक्षक एवं सीपीआई नेता अमित यादव एडवोकेट ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) करोड़ों ग्रामीण मजदूरों की आजीविका का सहारा रहा है, लेकिन केंद्र सरकार नई ह्रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)ह्व योजना लाकर इसे समाप्त करना चाहती है। कहा कि नई व्यवस्था में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बजट का अनुपात बदलने से योजना पर वित्तीय संकट खड़ा होगा, जिससे ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मिलने में कठिनाई होगी। मांग की कि मनरेगा को पुराने स्वरूप में बहाल किया जाए, मजदूरों को वर्ष में 200 दिन रोजगार और 700 रुपये प्रतिदिन न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी जाए। साथ ही 55 वर्ष की आयु के बाद 10 हजार रुपये मासिक पेंशन देने की व्यवस्था लागू की जाए।

संदीप पाण्डेय ने ग्रामीण मजदूरों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और महिलाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। उन्होंने सभी भूमिहीन मजदूरों को आवास के लिए जमीन और आर्थिक सहायता देने की भी मांग की। सभा की अध्यक्षता करते हुए सुशील सिंह ने कहा कि धारा-132, ऊसर, बंजर, नजूल, चारागाह और तालाब की जमीनों पर वर्षों से बसे गरीब मजदूरों को पुनर्वास दिए बिना हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस दौरान राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सदर एसडीएम सौरभ यादव को सौंपा गया। इस मौके पर राजधर विश्वकर्मा, नाथू प्रसाद, प्रदुम कुमार, जगदीश, संजय कुमार, बृजभूषण सिंह, कमलेश सिंह यादव, रामनरेश, बिहारी लाल, हनुमान सिंह, हनुमान, भूषण, रामचरण जितेन्द्र, लवकुश, राजाबाबू, सुग्रीव, धर्मपाल, दिनेश आदि मौजूद रहे।

## नगर पालिका के विकास हेतु 77 करोड़ का आगामी बजट पारित

### ● धार्मिक नगरी के चहुमुखी विकास के मामले में योगी सरकार संकल्पित : नरेंद्र गुप्ता

**चित्रकूट। नगर** पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी की बोर्ड बैठक में आगामी वर्ष के लिए विकास एवं अन्य कार्यक्रमों के संचालन हेतु 77 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट धाम कर्वी की नगर पालिका को विभिन्न मदों में करोड़ों की सौगात दी है। धार्मिक नगरी होने के नाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां के विकास के लिए स्वयं चिंतित हैं और नगर पालिका परिषद को बी श्रेणी का दर्जा सरकार ने दिया जिससे अब यहां विकास की गति और तेजी से बढ़ेगी। पालिका में आई के स्त्रोत बढ़ाने के लिए पुराने बस स्टैंड में एक परिसर का निर्माण करने का प्रस्ताव है ।इसी तरह स्टेशन रोड में छोटे-छोटे दुकानदारों के लिए सड़क के किनारे छोटी-छोटी दुकान बनाने पर भी विचार किया गया है ।इसके अलावा नगर को साफ सुथरा रखना प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने विभिन्न मार्गों के निर्माण के लिए भी बजट में अच्छा खासा प्रावधान किया गया है किसी भी वार्ड में अब प्रकाश व्यवस्था की कमी नहीं रहेगी। जो गलियां कच्ची है उनका पक्का निर्माण कराया जाएगा, जल निकासी के लिए भी बजट में प्रावधान हुआ है। अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि नगर को सुंदर बनाने की प्रक्रिया गतिमान है धनुष चौराहा से लेकर शंभू बाबू पेट्रोल पंप तक सड़क चौड़ीकरण और सुंदरीकरण का कार्य विकास प्राधिकरण को सौंप दिया गया है इसी तरह अन्य मार्गो को भी सुंदर बनाने का प्रयास रहेगा। शास्त्री नगर एसडीएम कॉलोनी में जो सड़क शिवपुरी बच्चा जेल तक निमार्णाधीन थी वह अधूरी होने से लोगों को दिक्कत थी अब इसका निर्माण बहुत जल्द होगा। इसके अलावा और भी सड़कें बनाई जाएंगी। अधिशासी अधिकारी लालजी यादव और सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला द्वारा बजट प्रावधान की विधिवत जानकारी बोर्ड बैठक में दी गई। बैठक में पालिका सभासद शंकर प्रसाद यादव विनय त्रिपाठी विनीत पयासी राजा राजेश बल्लू निषाद बद्री, नीतू सिंह ,शहजादे भाई, अनुज निगम, शकुंतला गुप्ता ,किशन गुप्ता राजकमल के अलावा वरिष्ठ लिपिक सुभाष गुप्ता अशरफ ज्ञानचंद गुप्ता और अभियंता शुभम तिवारी प्रवीण श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने की बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक,दिये सख्त निर्देश

**बांदा। आगामी** मानसून और वषार्काल के मद्देनजर जनपद में बाढ़ से पूर्व की तैयारियों को पुख्ता करने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक में सभी संबंधित विभागों को समय रहते अपनी तैयारियां पूरी करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। बैठक में मुख्य रूप से अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) कुमार धर्मेंद्र, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सहित सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे ।तटबंधों की मरम्मत और फाटकों को ठीक करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को अलर्ट पर रहने के निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ निरोधक कार्यों के अंतर्गत सभी क्षतिग्रस्त स्थलों और तटबंधों की तत्काल जांच की जाए। अधिशासी अभियंता (सिंचाई प्रखंड तृतीय, बांदा) को वर्षा से पूर्व बांधों के फाटकों को दुरुस्त करने और तटबंधों की मरम्मत का कार्य हर हाल में पूरा करने को कहा गया है। रात्रि के समय संवेदनशील स्थानों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने और जनरेटर की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अभियंता केन नहर प्रखंड को जल प्लावन की स्थिति को देखते हुए नहर की पटरियों को ठीक करने और तत्काल श्बाढ़ नियंत्रण कक्षश स्थापित करने के निर्देश दिए गए। जल निकासी और अधूरे पुलों का काम पूरा किया जाये ।सड़कों पर जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया गया है। जो सड़कें वर्तमान में निमार्णाधीन हैं या जिन सड़कों पर पिछले वर्षों में जलभराव हुआ था, वहां जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। वर्षा ऋतु के प्रारंभ होने से पहले जनपद के सभी निमार्णाधीन पुल, पुलिया और रपटों का निर्माण कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लिया जाए।नाला सफाई और कूड़ा हटाने का अभियान जलभराव और संक्रामक बीमारियों को रोकने के लिए नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं ।शहरी क्षेत्रों में समस्त अधिशासी अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारी नाले और नालियों की सघन सफाई सुनिश्चित कराएंगे। वषार्काल से पहले शहरों और कस्बों में लगे कूड़े के ढेरों को पूरी तरह से हटवाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर नई नालियों का निर्माण कराने की जिम्मेदारी बीडीओ को सौंपी गई है ।बाढ़ चौकियों की मैपिंग और नाविकों की व्यवस्था बाढ़ के दौरान राहत कार्यों में कोई देरी न हो, इसके लिए प्रशासनिक अमले को चाक-चौबंद रहने को कहा गया है।

सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बाढ़ चौकियों को चिन्हित कर कार्य योजना तैयार करें। साथ ही, बाढ़ की संभावना वाले गांवों की समय से मैपिंग पूरी कर ली जाए। तहसील स्तर पर बैठकें आयोजित कर नाविकों और मोटर बोट की उपलब्धता की समुचित व्यवस्था पहले से तय कर ली जाए। तहसील, ब्लॉक और न्याय पंचायत स्तर पर श्बाढ़ समितियोंश का गठन किया जाए।

## किसान मसीहा के बताए माग्र पर भाकियू पदाधिकारी ने चलने का लिया संकल्प

**चित्रकूटः भारतीय** किसान यूनियन द्वारा शुक्रवार को किसान नेता बाबा चैधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 15वीं पुण्यतिथि जिले की विभिन्न तहसीलों में मनाई गई। कर्वी, राजापुर और मऊ तहसील में आयोजित कार्यक्रमों में किसानों और संगठन पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में किसानों ने ह्जल-जंगल-जमीन-पर्यावरण बचाओह्व का संकल्प लेते हुए किसान नेता की पुण्यतिथि को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। सदर तहसील में आयोजित कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने किसानों को बाबा टिकैत के बताए सिद्धांतों पर चलने और




किसान हितों की लड़ाई जारी रखने का संकल्प दिलाया। इस दौरान किसान समस्याओं को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा गया। इस मौके पर मण्डल कार्य समिति के वरिष्ठ सदस्य छेदीलाल सिंह, युवा विंग जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, युवा विंग तहसील अध्यक्ष डुप्ले पटेल, तहसील महामंत्री शत्रुघ्न सिंह, ब्लाक अध्यक्ष नरेश सिंह, सेवानिवृत्त कानूनगो शिवभवन, रामेश्वर सिंह, शिव सिंह, चुनकावन यादव, कमलेश सिंह, छोटेलाल वर्मा, लक्ष्मी प्रसाद, मोहन, दिनेश, राममिलन आदि मौजूद रहे।

राजापुर तहसील में तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें गेहूं क्रय केंद्रों पर प्रति कुंतल दो किलो कटौती किए जाने, केंद्रों से समय पर गेहूं उठान न होने तथा सभी क्रय केंद्रों को सुचारू रूप से संचालित कराने की मांग की गई। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष रामकरण सिंह, मंडल सचिव उदयनारायण सिंह, ओम नारायण गर्ग, हरबख्श सिंह, अरुण कुमार पाण्डेय, जसवंत सिंह चैहान, बीरेंद्र सिंह, तीरथ सिंह फौजी, अजय सिंह, अनुरागी, हरेंद्र सिंह पटेल, अखिलेश मिश्रा, ज्ञानेंद्र सिंह, नरेश तिवारी, नीलकंठ द्विवेदी, हनुमान पाल, संतगोपाल भारतीय, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर प्रथम दिन भव्य शोभायात्रा निकाली गई

**चित्रकूटः धर्मनगरी** स्थित राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर प्रथम दिन भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में कई प्रमुख अखाड़ों के संत-महंतों सहित हाथी, घोड़ा, पालकी व ढोल-नगाड़े आकर्षण का केन्द्र रहे। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने भजनों पर झूमते हुए नगर भ्रमण किया।

कथा के प्रथम दिन कथाव्यास डॉ. श्याम सुंदर पाराशर ने श्रीमद् भागवत महापुराण का महात्म्य




बताया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल कथा नहीं, बल्कि साक्षात मोक्ष का मार्ग है। इसके श्रवण मात्र से मनुष्य के समस्त पाप नष्ट होते हैं और अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। भागवत कथा जीव को भवसागर से पार लगाती है और हर प्राणी का कल्याण करती है। कलियुग में भागवत श्रवण को सबसे सरल और श्रेष्ठ साधन बताया गया है। कथा के यजमान के रूप में दिल्ली के डिप्टी पुलिस कमिश्नर अभिषेक मिश्रा, महेंद्र मिश्रा, आनंद सिंह पटेल,डॉ. संतोष, ज्ञान चंद्र और आनंद मिश्रा ने सपत्नीक पूजन किया। आयोजन समिति ने बताया कि सात दिवसीय कथा में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक कथा का रसपान कराया जाएगा। इस अवसर पर कामदगिरि मंदिर के प्रमुख संत मदन दास, भारत मंदिर के महंत दिव्या जीवन दास, राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया आदि मौजूद रहे।

## आत्महत्या की प्रवृत्ति रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एसओपी

**बांदा। जिला** प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर एक बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील पहल की है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार, जनपद में आत्महत्या की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा एक विशेष मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है।

इस एसओपी के जरिए स्वास्थ्य विभाग की आशा, ए.एन.एम. और पैरामेडिकल कर्मी घर-घर जाकर आम जनमानस को जागरूक करेंगे। इनका मुख्य उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना, उनकी काउंसलिंग करना और जरूरत पड़ने पर उन्हें सही उपचार के लिए अस्पताल रेफर करना है, जिनमें मानसिक तनाव या आत्महत्या के लक्षण दिखाई दे रहे हों। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि यदि परिवार या आसपास के किसी व्यक्ति में निम्न में से कोई भी लक्षण महसूस हो, तो उसे बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें और तत्काल कदम उठाएं। मैं जीना नहीं चाहता या जीवन से हताशा जैसी बातें बार-बार करना। स्वयं को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाने की कोशिश करना।

## लू से बचाव के लिए लगाया गया निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर

**चित्रकूटः उत्तर** प्रदेश होम्योपैथी विभाग के निर्देश पर शुक्रवार को आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत परानू बाबा आश्रम बरगढ़ व राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन विद्यालय कर्वी में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 307 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही सभी को तेज गर्मी और लू से बचाव के उपायों के प्रति भी जागरूक किया गया।

जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ दिलीप सिंह ने बताया कि आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित इन निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविरों में गठिया, कमर दर्द, गैस, डायबिटीज व चर्म रोग सहित अन्य रोगों के कुल 307 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। इसमें परानू बाबा मंदिर आश्रम में 232 तथा राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन विद्यालय कर्वी में 75 मरीजों को स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की गईं। साथ ही ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत होने वाले रोगों के लक्षण व बचाव की जानकारी देते हुए सतर्क रहने की सलाह दी गई। इन शिविरों में डॉ. विपिन कुमार यादव, डॉ. शशी केशरवानी, डॉ. करिश्मा कौशल श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट




सुशील सिंह, बद्री प्रसाद, योग प्रशिक्षक पंकज पटेल, सुशील कुमार ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं।

## प्रधानमंत्री पर सपा सांसद की टिप्पणी से आक्रोश

**बांदा। हमीरपुर**-महोबा लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर सियासत पूरी तरह गरमा गई है। सपा सांसद के इस विवादित और अमर्यादित बयान से आक्रोशित भाजपा की सैकड़ों महिला कार्यकताओं ने आज कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष की अगुवाई में एकजुट हुईं सैकड़ों कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू राजपूत भी कार्यकताओं के साथ प्रदर्शन में शामिल रहे।

## आजादी के बाद पहली बार खुला रास्ता, एसडीएम ने हटवाया कब्जा; दूसरे दिन भी चला अभियान

**मऊ (चित्रकूट)। तहसील** मऊ क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरहा कोटरा के मजरा घुरेहटा में वर्षों से बंद पड़े संपर्क मार्ग को प्रशासन ने अतिक्रमण हटवाकर खुलवा दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एसडीएम मऊ राम ऋषि रमन लगातार दूसरे दिन भी मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से रास्ता निर्माण कार्य कराया। इससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव के विभिन्न मजरों को जोड़ने वाले चकमार्ग पर लंबे समय से अवैध कब्जा था। इसके चलते ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती थी। सबसे अधिक दिक्कत कम्पोजिट विद्यालय घुरेहटा आने-जाने वाले बच्चों और शिक्षकों को उठानी पड़ रही थी।

ग्रामीणों ने समस्या के समाधान के लिए एसडीएम राम ऋषि रमन से शिकायत की थी। शिकायत मिलने के बाद गुरुवार को एसडीएम प्रशासनिक टीम के साथ गांव पहुंचे। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण दत्त पाण्डेय, बीडीओ ओमप्रकाश यादव, लेखपाल संदीप अग्रहरि व ग्राम प्रधान की मौजूदगी में चकमार्ग का चिन्हांकन कराया गया। इसके बाद जेसीबी मशीन की मदद से अवैध कब्जा हटवाकर रास्ता खुलवाया गया।

प्रशासन की कार्रवाई दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रही। एसडीएम राम ऋषि रमन फिर मौके पर पहुंचे, जहां जेसीबी से मार्ग को और व्यवस्थित करने तथा आवागमन सुगम बनाने का कार्य कराया गया। लगातार दो दिन चली कार्रवाई से ग्रामीणों ने राहत महसूस की। रास्ता खुलने के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने कहा कि वर्षों बाद गांव की पुरानी समस्या का समाधान हुआ है। बच्चों के स्कूल जाने का रास्ता



मौके पर मौजूद मऊ एसडीएम राम ऋषि रमन

आसान होने से अभिभावकों ने भी राहत जताई।

गांव के प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, समाजसेवी पप्पू बरहा, भाजपा नेता नान तिवारी, विनीत तिवारी, सर्वेश त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रशासन का आभार जताया।

एसडीएम राम ऋषि रमन ने कहा कि सार्वजनिक रास्तों और सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# भारत-ईरान की अहम चर्चा, क्षेत्रीय सुरक्षा पर बनी सहमति?




**ईरान**

**विदेश** मंत्रालय के अनुसार, MEA के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने बुधवार को ईरान के कानूनी और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी का स्वागत किया। एक्स पर एक पोस्ट में एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अधिकारियों के बीच हुई चचाओं का मुख्य विषय "द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दे, जिनमें हाल के घटनाक्रम भी शामिल हैं," था। पोस्ट में कहा गया, "सचिव (पश्चिम) @AmbSibiGeorge ने ईरान के कानूनी और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप विदेश मंत्री डॉ. काजेम गरीबाबादी का स्वागत किया। चचाओं का केंद्र द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दे थे, जिनमें हाल के घटनाक्रम भी शामिल थे। ईरान के सूत्रों के अनुसार, गरीबाबादी के इफ्क्ठर विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने की संभावना है, जो 14-15 मई को राजधानी में आयोजित होने वाली है।

क्षेत्रीय कूटनीति को एक बड़ी मजबूती देते हुए, तेहरान ने पुष्टि की है कि ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची आगामी इफ्क्ठर शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा करेंगे। यह दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम पल है। यह पुष्टि मंगलवार को 'इंडिया टुडे ग्लोबल' के साथ एक इंटरव्यू के दौरान हुई, जिसमें ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने इस उच्च-स्तरीय यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने दोनों देशों के बीच मौजूद मजबूत बहुपक्षीय साझेदारी पर जोर देते हुए कहा कि ईरान और भारत, दोनों ही इफ्क्ठर और शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य हैं, और इन दोनों ही संगठनों में उनके बीच "सहयोग और तालमेल का एक अच्छा स्तर" मौजूद है।

प्रवक्ता ने भारतीय राजधानी में होने वाली आगामी चचाओं के रणनीतिक महत्व पर और जोर दिया। बघाएई ने आगे कहा कि "यह साथ-साथ होने वाली बैठक ईरान के लिए महत्वपूर्ण है" और बताया कि तेहरान "इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले अन्य मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों का बेसब्री से इंतजार कर रहा है," विशेष रूप से "एक मित्र देश के रूप में भारत के विदेश मंत्री" के साथ बातचीत पर जोर दिया।

नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय संबंधों का एक केंद्र बिंदु बनने के लिए तैयार है, क्योंकि यह 14 और 15 मई को ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी कर रहा है। यह महत्वपूर्ण जमावड़ा भारत की 2026 की अध्यक्षता की आधारशिला के रूप में काम करता है, जो इस नए विस्तारित बहुपक्षीय गठबंधन के भीतर उसके नेतृत्व को उजागर करता है। यह कूटनीतिक मिलन एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हो रहा है। 18 फरवरी को अमेरिका और ईरान के बीच शुरू हुई शत्रुता के बाद से, सैयद अब्बास अराघची ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा है। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और उसके व्यापक भू-राजनीतिक परिणामों के संबंध में कम से कम चार उच्च-स्तरीय चचाएँ की हैं। इन वाताओं में अराघची ने जयशंकर को उन बदलते हालात के बारे में जानकारी दी, जो तेहरान के अनुसार अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद पैदा हुए थे। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे कदम क्षेत्रीय और वैश्विक शांति दोनों के लिए खतरा पैदा करते हैं, और इन वाताओं का उपयोग अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा के लिए ब्रिक्स सदस्यों के बीच बेहतर सहयोग की वकालत करने के लिए किया।

# भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर आंच नहीं आने देंगे



**रूस**

**रूसी** विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को भरोसा दिलाया कि रूसी ऊर्जा आपूर्ति में भारत के हितों पर "कोई असर नहीं पड़ेगा।" भारत के प्रति रूस की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि मॉस्को, जिसे उन्होंने "अनुचित प्रतिस्पर्धा" कहा, उसके बावजूद नई दिल्ली के लिए स्थिर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के अपने प्रयास जारी रखेगा। BRICS विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए भारत यात्रा से पहले, RT India को दिए एक इंटरव्यू में लावरोव ने कहा कि भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद रूस अपने साझेदार देशों के साथ किए गए समझौतों का पालन करता रहा है। उन्होंने अमेरिका पर वैश्विक स्तर पर "सभी ऊर्जा मार्गों पर कब्जा करने" की कोशिश करने का आरोप भी लगाया। रूसी विदेश मंत्री ने आरोप लगाया कि अमेरिका दुनिया के एनर्जी कॉरिडोर पर अपना दबदबा बनाने और रूस के साथ एनर्जी संबंध रखने वाले देशों पर दबाव डालने की कोशिश कर रहा है।

# कनाडा-ग्रीनलैंड के बाद अब वेनेजुएला पर डोनाल्ड ट्रंप की नजर



**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 51वें राज्य को लेकर जुनून अभी खत्म नहीं हुआ है। पहले कनाडा की बात आई, जिसे उसके प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने हंसकर टाल दिया। फिर ग्रीनलैंड की बारी आई। यूरोपीय संघ की ओर से उन्हें कड़ा विरोध झेलना पड़ा, जिसकी ट्रंप को उम्मीद नहीं थी और यूरोपीय संघ ने अपने ही अंदाज में 'व्यापार युद्ध' छेड़ने की धमकी दे डाली। अब उनका ध्यान वेनेजुएला की ओर मुड़ गया है। और क्यों न हो? उन्होंने लंबे समय से राष्ट्रपति रहे निकोलस मादुरो को सफलतापूर्वक सत्ता से बेदखल कर दिया है, और उन्हें पकड़ भी लिया है; साथ ही, उन्होंने अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने सही कदम नहीं उठाया, तो उन्हें इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। शायद मादुरो से भी कहीं ज्यादा। चीन जाते समय, ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने का सुझाव दिया। इस पोस्ट में उन्होंने उस लैटिन अमेरिकी देश का एक नक्शा भी लगाया था, जिसके अंदर अमेरिकी झंडा बना हुआ था। यह पोस्ट उस समय आया, जब ट्रंप राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक अहम शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चीन जाने वाले थे।

# पीएम मोदी दुनिया का सबसे लोकप्रिय राजनेता- एरिक सोल्हेम



**संयुक्त राष्ट्र**

**जैसे** ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पाँच देशों के दौरे के हिस्से के रूप में 18 मई से 19 मई तक स्कैंडिनेवियाई देश नॉर्वे की यात्रा पर जाने वाले हैं, नॉर्वे के पूर्व मंत्री और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के पूर्व प्रमुख, एरिक सोल्हेम ने भारतीय सरकार के प्रमुख की उनके नेतृत्व और पर्यावरणीय दृष्टिकोण के लिए जोरदार तारीफ की। उन्होंने कहा कि पश्चिमी नेताओं को उनके "लगातार हरित संदेश" से "बहुत कुछ सीखने को है", और उन्हें "दुनिया का सबसे लोकप्रिय राजनेता" बताया। नॉर्वे के अखबार 'डेगेंस नेरिंग्सलिव' में प्रकाशित एक लेख में, सोल्हेम ने मोदी की लोकप्रियता, आर्थिक सुधारों और हरित विकास पर उनके जोर को रेखांकित किया, और उन्हें एक ऐसे परिवर्तनकारी नेता के रूप में वर्णित किया जो वैश्विक मंच पर भारत के उदय को आगे बढ़ा रहे हैं।

पश्चिमी नेता मोदी के लगातार दिए जा रहे पर्यावरण-अनुकूल संदेश से बहुत कुछ सीख सकते हैं," सोल्हेम ने लिखा, और साथ ही यह भी कहा कि नॉर्डिक प्रधानमंत्रियों को भारतीय नेता के साथ अपनी बैठक के दौरान "ध्यान से सुनना" चाहिए।

मोदी की राजनीतिक हैसियत की तारीफ करते हुए सोल्हेम ने लिखा, "किसी भी अहम देश में कोई भी नेता अपने देश में उतना लोकप्रिय नहीं है जितने मोदी हैं," और यह भी बताया कि भारतीय प्रधानमंत्री की लोकप्रियता रेटिंग लगभग 70 प्रतिशत है और वे दुनिया भर के सबसे प्रभावशाली लोकतांत्रिक नेताओं में से एक बने हुए हैं। सोल्हेम ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की आर्थिक विकास यात्रा पर प्रकाश डाला, और बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था सालाना लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जो अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं से कहीं आगे है। इस लेख में मोदी की गुजरात के वडनगर से शुरू हुई साधारण पृष्ठभूमि पर चर्चा की गई है; इसमें कहा गया है कि एक साधारण परिवार से निकलकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व करने तक का उनका सफर उन्हें असाधारण बनाता है, और उन्हें एक 'स्व-निर्मित' नेता के रूप में वर्णित किया गया है। मोदी के माता-पिता वडनगर रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने के लिए तीन मेजें लगाते थे," सोल्हेम ने लिखा, और साथ ही यह भी जोड़ा कि मोदी ने अपना करियर "अपने खुद के प्रयासों और नेतृत्व के दम पर" बनाया है। सोल्हेम ने पिछले एक दशक में भारत की आर्थिक विकास दर को तेज करने और बुनियादी ढाँचे में बदलाव लाने का श्रेय ढट मोदी को दिया; उन्होंने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था सालाना लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है।

# होर्मुज में स्थिरता अहम!



**चीन**

**चीन** ने पाकिस्तान से आग्रह किया है कि वह ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत को बढ़ावा देने के लिए अपने कूटनीतिक मध्यस्थता प्रयासों को तेज करे, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थिरता से जुड़ी अहम चचाओं के बीच। चीन के विदेश मंत्री वांग यी, जो कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना की केंद्रीय समिति के पॉलिटिकल ब्यूरो के सदस्य भी हैं, ने मंगलवार को पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान यह संदेश दिया। इस बातचीत के दौरान, डार ने वांग को तेहरान और वॉशिंगटन के बीच चर्चा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पाकिस्तान की हालिया कूटनीतिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने चीन के समर्थन के लिए आभार भी व्यक्त किया और कहा कि पाकिस्तान क्षेत्रीय स्थिरता में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए बीजिंग के साथ अपना समन्वय और मजबूत करने की उम्मीद करता है।

शिन्हुआ के अनुसार, वांग ने चीन के सैद्धांतिक रुख को दोहराया और अमेरिका-ईरान वार्ता को बढ़ावा देने तथा अस्थायी संघर्ष-विराम को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए पाकिस्तान की सराहना की। उन्होंने आगे यह उम्मीद जताई कि पाकिस्तान अपना आत्मविश्वास बनाए रखेगा और जल्द से जल्द क्षेत्रीय शांति बहाल करने में योगदान देगा, जो कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की भी साझा आकांक्षा है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, वांग ने कहा, चीन पाकिस्तान के मध्यस्थता प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेगा और इस दिशा में अपना योगदान भी देगा।

# एयरफोर्स वन लेकर धड़धड़ाते हुए चीन में घुस गए ट्रंप, धांसू एंट्री देख चौंकी दुनिया!



**अमेरिका**

**एयरफोर्स** वन जो अमेरिकी राष्ट्रपति का विमान है। यानी कि हवा में उड़ता हुआ व्हाइट हाउस और यह हवा में उड़ता हुआ व्हाइट हाउस पहुंचा है। चीन के बीजिंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एयरफोर्स वन जैसे ही चीन की धरती पर लैंड किया वहां मौजूद लोगों की खुशी सातवें आसमान पर थी। जानदार शानदार तरीके के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वागत हुआ है और यह स्वागत इसलिए भी बहुत खास हो जाता है क्योंकि 9 साल बाद कोई अमेरिकी राष्ट्रपति चीन के दौरे पर पहुंचा है। एक तो यह बहुत हाई प्रोफाइल दौरा है और ऊपर से अमेरिका के राष्ट्रपति का यूं आना अपने आप में सबको हैरान कर रहा है क्योंकि एक तरफ अमेरिका जहां ईरान से युद्ध में उलझा हुआ है तो दूसरी तरफ वो चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात करने के लिए खुद पहुंचे हुए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस बैठक में कई तरह के अहम मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच चर्चा होनी है। जिसमें ट्रेड से लेकर ताइवान तक का मुद्दा शामिल है। वहां लोगों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वागत किया है।

बताया जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रिसीव करने के लिए कोई और नहीं बल्कि शी जिंगपिंग ने अपने तमाम पसंदीदा लोग एयरपोर्ट पर भेजे थे और उनका खूब लाऊ लश्कर के साथ स्वागत किया गया है। बच्चे भी दिखाई दिए जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वागत करते हुए देखे जा सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वागत हुआ और फिर वो अपने चित परिचित अंदाज में सबका धन्यवाद करते हुए सवार हो गए उस सवारी में जो बीते कई दिनों पहले ही चीन पहुंचाई जा चुकी थी। यानी कि अमेरिकन प्रेसिडेंट की कार द बीस्ट में। द बीस्ट पर सवार होकर अपने आगे के कार्यक्रम के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बढ़ गए हैं। कुल मिलाकर दोनों पक्षों का बॉडी लैंग्वेज इस वक्त पॉजिटिव है और दोनों ही पक्षों को उम्मीद है कि कोई विनवि-विन सिचुएशन जैसा मामला ही इस बैठक से आगे निकल कर आ जाएगा और यही वजह है कि ट्रंप के स्वागत में चीन कोई कमी नहीं रखना चाहता।

अमेरिकी उप प्रेस सचिव अन्ना केली ने रविवार को बताया था कि राष्ट्रपति ट्रंप बुधवार शाम बीजिंग पहुंचेंगे और बृहस्पतिवार को स्वागत समारोह तथा शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक में भाग लेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि दोनों नेता शुक्रवार को चाय और दिन के भोजन पर फिर मिलेंगे। अमेरिका की योजना बाद में चीनी राष्ट्रपति की पारस्परिक यात्रा की मेजबानी करने की है। दोनों पक्षों ने रविवार को कहा था कि ट्रंप की यात्रा से पहले चीन के उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग अंतिम दौर की वार्ता के तहत अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के साथ व्यापार वार्ता के लिए 12 और 13 मई को दक्षिण कोरिया की यात्रा करेंगे।

# पेशेवरों को लग सकता है बड़ा झटका




**अमेरिका**

**अमेरिका** में एच-1बी वीजा को लेकर एक बड़ा बदलाव पेश किया गया है, जिसका असर भारतीय पेशेवरों और तकनीकी कंपनियों पर पड़ सकता है। अमेरिकी सरकार ने विदेशी कर्मचारियों को दिए जाने वाले न्यूनतम वेतन में बड़ी बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। सरकार का कहना है कि यह कदम अमेरिकी कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

मौजूद जानकारी के अनुसार, अमेरिकी श्रम विभाग ने 27 मार्च को इस नए नियम का प्रस्ताव जारी किया था। फिलहाल इस पर 26 मई तक सार्वजनिक सुझाव और आपत्तियां मांगी जा रही हैं। अगर यह नियम लागू होता है तो कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों को पहले की तुलना में काफी ज्यादा वेतन देना होगा।

प्रस्तावित नियम के तहत चार अलग-अलग वेतन श्रेणियों में लगभग 20 से 33 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की बात कही गई है। अभी शुरूआती यानी एंट्री लेवल कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वार्षिक वेतन 73,279 डॉलर तय है, जिसे बढ़ाकर 97,746 डॉलर करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसी तरह दूसरे स्तर का वेतन 98,987 डॉलर से बढ़ाकर 1,23,212 डॉलर किया जा सकता है। तीसरे स्तर के कर्मचारियों के लिए वेतन सीमा 1,21,979 डॉलर से बढ़कर 1,47,333 डॉलर और चौथे स्तर के लिए 1,44,202 डॉलर से बढ़ाकर 1,75,464 डॉलर करने का प्रस्ताव है। हालांकि अलग-अलग शहरों में वेतन मानकों में अंतर हो सकता है। गौरतलब है कि यह बदलाव केवल एच-1बी वीजा तक सीमित नहीं रहेगा।

एच-1बी1, ई-3 और स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रमों पर भी यह नियम लागू हो सकता है। अमेरिकी प्रशासन का तर्क है कि मौजूदा वेतन ढांचा करीब 20 साल पुराना है और इसमें समय के अनुसार बदलाव नहीं किया गया। इसके कारण कंपनियां विदेशी कर्मचारियों को अमेरिकी कर्मचारियों के मुकाबले कम वेतन पर नियुक्त कर रही थीं।

इस प्रस्ताव को लेकर अमेरिका में बहस भी तेज हो गई है। समर्थकों का कहना है कि इससे वेतन प्रणाली अधिक संतुलित होगी और अमेरिकी कर्मचारियों के हित सुरक्षित रहेंगे। वहीं आलोचकों का मानना है कि छोटे और मध्यम स्तर की कंपनियों के लिए विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करना मुश्किल हो जाएगा, खासकर शुरूआती पदों पर।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# भारत में बैलेस्टिक मिसाइलों का ताबड़तोड़ प्रोडक्शन, कुछ बड़ा होगा?




**चीन**

**भारत** ने अपनी मिसाइल ताकत को लगातार मजबूत किया है। फिर चाहे ड्रोस जैसी सुपरसोनिक मिसाइलें हो या फिर अग्नि सीरीज की बैलेस्टिक मिसाइलें। भारत आज दुनिया की बड़ी सैन्य ताकतों में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करा चुका है और सबसे बड़ी बात इन अत्याधुनिक मिसाइलों के पीछे डीआरडीओ की बड़ी भूमिका रही है। रक्षा क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है क्योंकि भारत सरकार प्राइवेट कंपनियों को भी इस सेक्टर में एंट्री देने की तैयारी में है। दरअसल दिल्ली में आयोजित कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के वार्षिक बिजनेस समिट 2026 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने खुद इस बात की जानकारी दी। उन्होंने खुद यह बात कही कि निजी क्षेत्र के साथ और ज्यादा काम करने के अन्य पहलुओं पर चर्चा चल रही है। उनका मानना है कि मिसाइल उत्पादन वो क्षेत्र है जहां अब तक एरोस्पेस के हिस्से के रूप में अधिकांश ऑर्डर लगभग पूरी तरह एक ही सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को दिए जाते रहे। यह बात हम सब जानते हैं कि मिसाइल टेक्नोलॉजी में अगर भारत में किसी का दबदबा है तो वह डीआरडीओ है। डीआरडीओ ने आज कई घातक मिसाइलें बनाई हैं।

रक्षा सचिव ने जैसा कि जानकारी दी कि भारत सरकार निजी क्षेत्र की ओर भी देख रही है। यानी कि आगे चलकर जो मिसाइल टेक्नोलॉजी है उसमें प्राइवेट कंपनीज का भी बड़ा रोल हो सकता है। रक्षा सचिव ने कहा कि सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि बदलते युद्ध के स्वरूप को देखते हुए फिलहाल निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाई जा सकती है। देखिए रक्षा सचिव ने क्या कुछ कहा। बट इन टर्म्स ऑफ दी अदर एलिमेंट्स ऑफ यू नो थिंग्स दैट वी कैन डू मोर विथ द प्राइवेट सेक्टर। युद्ध का तरीका बदल चुका है। आज मिसाइलें और ड्रोन फ्रंट लाइन में हैं। कहीं भी कोई देश लड़ रहा है तो सबसे ज्यादा हथियार जो इस्तेमाल में आ रहे हैं वो ड्रोंस हैं। मिसाइलें हैं।

आज जिस देश के पास घातक मिसाइलें हैं वो अपनी सीमा की सुरक्षा कर सकता है। ऐसे में भारत बड़े स्तर पर मिसाइल प्रोडक्शन करना चाहता है। और रूस यूक्रेन युद्ध से लेकर पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव तक दुनिया ने देखा कि आज मिसाइलें सिर्फ शक्ति प्रदर्शन का साधन नहीं बल्कि युद्ध जीतने का निर्णायक हथियार बन चुकी हैं। ऐसे में भारत को भी अपनी रक्षा उत्पादन क्षमता को बड़े स्तर पर बढ़ाने की जरूरत है। रक्षा सचिव ने कहा कि अब तक मिसाइल निर्माण के अधिकांश ऑर्डर सरकारी कंपनियों को दिए जाते रहे हैं। लेकिन सरकार अब इस क्षेत्र में निजी कंपनियों को भी अवसर देने पर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार की बैलेस्टिक मिसाइलों की टेक्नोलॉजी प्राइवेट सेक्टर को ट्रांसफर करने की इच्छा बढ़ रही है और उनके अनुसार अब वो समय आ चुका है जब इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। देखिए सरकार का यह कदम इसलिए भी बड़ा माना जा रहा है क्योंकि अभी भारत में कुछ ही कंपनियां हैं जो घातक मिसाइलें बना रही हैं। ज्यादातर ऑर्डर डीआरडीओ के पास हैं। तो ऐसे में डीआरडीओ के ऊपर भी एक बड़ा बोझ है।

डीआरडीओ कई तरह की मिसाइलों पर काम कर रहा है। तो अगर ऐसे में प्राइवेट कंपनियों का साथ मिलता है या फिर प्राइवेट कंपनियां इस क्षेत्र में घुसती हैं तो एक तरह से एक बोझ भी कम होगा ।